दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शनिवार 13 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 274 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत बिगड़ी एम्स में कराया गया भर्ती, अब हालत सामान्य

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दिल्ली एम्स में एडमिट कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, उन्हें पीठ दर्द की शिकायत के बाद गुरुवार को एम्स में भर्ती कराया गया है। एम्स के डॉक्टरों का कहना है कि गृहमंत्री की हालत स्थिर है। एम्स के अनुसार डॉक्टरों की टीम उनके हेल्थ की निगरानी कर रही है। 73 वर्षीय राजनाथ सिंह को पीठ में दर्द की समस्या के चलते न्यूरोसर्जरी विभाग में एडमिट कराया गया था। रक्षा मंत्री अभी पुराने प्राइवेट वार्ड हैं।

अक्क्टर की मीडिया प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा ने बताया कि अभी उनकी हेल्थ जांच चल रही है। पीठ दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एम्स लाया गया। डॉक्टरों की टीम जांच कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (73 वर्ष) को गुरुवार सुबह पीठ दर्द की शिकायत के बाद दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था।




स्वास्थ्य खराब होने के चलते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में भर्ती कराया गया है।

राजनाथ सिंह एम्स के प्राइवेट वार्ड में भर्ती हैं। कमर दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एम्स ले जाया गया। यहां न्यूरो सर्जन की देखरेख में उनका उपचार हो रहा है। बताया गया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ा है।

## माननीय जी पूरी तरह स्वस्थ और फिट : नीरज सिंह

### आज आ जाएंगे अस्पताल से घर और करेंगे विश्राम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पीठ में दर्द के चलते उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गाजियाबाद में भाजपाईयो के बीच माननीय जी के नाम से लोकप्रिय राजनाथ सिंह की तबियत खराब होने का समाचार मिलते ही यहां के भाजपाईयों के फोन घनघनाने लगे। सभी माननीय जी की कुशलक्षेम जानने लगे। दैनिक करंट क्राइम ने केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सुपुत्र नीरज सिंह से उनके स्वास्थ्य को लेकर बात की। नीरज सिंह ने बताया कि केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पीठ में दर्द के चलते उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। वह पूरी तरह स्वस्थ हैं ठीक हैं। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज घर आ जायेंगे। डॉक्टर ने उन्हें कुछ समय विश्राम करने की सलाह दी है। नीरज सिंह ने सभी शुभचिंतकों, समर्थको का आभार जताया और आश्वस्त किया कि उनके माननीय जी पूरी तरह सकुशल स्वस्थ हैं।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दे दिया अधिशासी अभियन्ता को अल्टीमेटम

## दिशा वाली बैठक में आप आएं लेकर अपना स्पष्टीकरण





Atul Garg
अतुल गर्ग
Member of Parliament (Lok Sabha)
12, Ghaziabad, Uttar Pradesh

अधिशासी अभियंता वसुन्धरा योजना,
आवास विकास परिषद, गाजियाबाद।

अतः आने वाली DISHA की मीटिंग में इसका स्पष्टीकरण लेकर आप आयेंगे, और यह कब तक होगा इस विषय में भी आप आश्वस्त करेंगे ...

भवदीय
(अतुल गर्ग)

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद बनने के बाद अतुल गर्ग अब विकास वाली पारी को पूरी जिम्मेदारी से खेल रहे हैं। लोनी को लेकर उन्होंने पत्र लिखा था और कई बिन्दुओं पर स्पष्ट तरीके से यह पूछा था कि योजना क्यों परवान नहीं चढ़ी और इसका कारण बताया जाये। एक बार फिर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अधिशासी अभियन्ता से सवाल पूछ लिये हैं और बता दिया है कि आने वाली दिशा की मीटिंग में आप इसका स्पष्टीकरण लेकर आयेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने आवास विकास परिषद वसुंधरा योजना के अधिशासी अभियन्ता को पत्र लिखा है। उन्होंने इस पत्र में अधिशासी अभियन्ता वसुंधरा योजना आवास विकास परिषद से कहा है कि वसुंधरा योजना में खेल का मैदान ओपन एरिया आपके द्वारा नक्शे में दशार्या गया है। और आश्चर्यजनक बात यह है कि पिछले 20-25 वर्षों में आपने ना तो उसका विकास कराया और ना उसे आरम्भ कराया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने स्पष्ट कर दिया है कि अधिशासी अभियन्ता जब दिशा की मीटिंग में आयेंगे तो इसका स्पष्टीकरण लेकर आयेंगे। यह कब तक होगा इस विषय में आप आश्वस्त करेंगे।

### मेरी हुई है कैबिनेट मंत्री से बात, समस्या हो तो मुझे अवगत कराएं

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब अधिकारियों से पत्राचार कर रहे हैं तो वो किसी भी रेडीमेट बहाने के लिए तैयार नहीं है। उनके पत्रों की भाषा बता रही है कि वो समस्या का समाधान चाहते हैं और फाईलों वाले जवाब से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने जब आवास विकास परिषद वसुंधरा योजना के अधिशासी अभियन्ता के पत्र लिखा तो उन्होंने यह भी बताया कि मेरी इस विषय पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात हुई और अधिशासी अभियन्ता से कहा कि स्पष्टीकरण से साथ मुझे यह भी बताये कि यह कब तक होगा और अगर आपको इस सम्बन्ध में कोई भी समस्या है तो मुझे भी अवगत करायें। इससे दिशा की मीटिंग से पहले पहले मैं उच्च अधिकारियों से सम्पर्क कर सकूं।

# विपक्षी गठबंधन के सामने बसपा का हाथी बनेगा बड़ी चुनौती

## बन गई है उपचुनाव में बड़े दलित चेहरे को उतारने की योजना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा के लिए सियासी सफर इन दिनों आसान नहीं रहा है। वो उत्तर प्रदेश की विधानसभा में मात्र एक विधायक के साथ है और लोकसभा में उसका प्रतिनिधित्व ही जीरो है। लोकसभा में आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर नगीना सीट से जीतकर पहुंचे हैं और बसपा का सियासी ग्राफ गिर रहा है। जिस गाजियाबाद में कभी बसपा के पांच विधायक थे। उस गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव में बसपा का हाथी एक लाख वोट भी हासिल नहीं कर सका। कहा जाता है कि दलित वोट हाथी से छिटक कर सपा-कांग्रेस खेमें में ट्रांसफर हो गये। ये तस्वीर का एक पहलू है और तस्वीर




का दूसरा पहलू ये है कि गेम अभी खत्म नहीं हुआ है। बसपा को अपने कैडर वोट पर भरोसा है और वो यहां विपक्ष की राहें मुश्किल करने के लिए उस दांव को खेलेगी, जिस दांव को खेलने के लिए सपा तैयार हो रही है। सूत्र बताते हैं कि बसपा ने अपने वोट बैंक को फिर से कमबैक करने के लिए अपनी चुनावी रणनीति तैयार कर ली है। उसकी चुनावी रणनीति यहां विपक्ष के अरमानों पर पानी फेर सकती है। बसपा उपचुनाव में मैदान में आ रही है। वो दस सीटों पर हो रहे उपचुनाव में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। सूत्र बताते हैं कि यहां बसपा की पोलिसी एकला चलो वाली रहेगी। वो लोकसभा चुनाव से सीख कर अपनी रणनीति में बदलाव करेगी। उसका सिद्धान्त अपना वोट अपनी सपोर्ट वाला रहेगा।

वो किसी दूसरे दल की सपोर्ट नहीं लेगी और अपना उम्मीदवार लायेगी। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद शहर सीट पर होने वाले उपचुनाव में हाथी एक बड़ी चुनौती विपक्ष के सामने बन सकता है और इस चुनौती का लाभ भाजपा को मिल सकता है।

सूत्र बताते हैं कि अपने वोट बैंक को फिर से हाथी की तरफ बुलाने के लिए बसपा ने दलित चेहरे को चुनाव में उतारने की योजना बना ली है। इसके पीछे रणनीति यही बतायी जाती है कि चुनाव का नतीजा जो भी हो लेकिन अपने कैडर वोट को वापस हाथी पर लाया जाये। यहां पर बसपा एक दलित चेहरे को चुनाव में लेकर आ रही है। बसपा का ये चेहरा धनसम्पन्न चेहरा बताया जाता है और कैडर वोट से जुड़ा है। बसपा ने अगर यहां अपनी दलित चेहरे वाली योजना को मूर्त रूप दिया तो यहां विपक्ष के सामने बड़ी चुनौती आयेगी। देखना ये भी होगा कि बसपा का यह चेहरा दलितों को कहां तक प्रभावित कर पाता है।

### प्रदीप जाटव-प्रेमचंद भारती-रामप्रसाद प्रधान और सिंहराज का नहीं है नाम

**करंट क्राइम।** बसपा का हाथी शहर विधानसभा के उपचुनाव में आ रहा है। वो इस बार नए समीकरण को साथ लेकर आ रहा है और ऐसे में ये चर्चा शुरू हो गई है कि कौन सा दलित चेहरा बसपा से उम्मीदवार होगा। ये चेहरा इस पार से होगा या उस पार से होगा। इस बीच सूत्र बता रहे हैं कि चार दलित बसपा चेहरे ऐसे हैं जो उम्मीदवारी वाले फ्रेम में नहीं है। पूर्व एमएलसी प्रदीप जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रसाद प्रधान और कोडीर्नेटर सिंहराज का नाम इस लिस्ट में नहीं है। सूत्र बताते हैं कि इन चारों के नामों पर कोई चर्चा दावेदारी या उम्मीदवारी को लेकर नहीं है। ये चेहरा अलग होगा।



प्रदीप जाटव | प्रेमचंद भारती | रामप्रसाद प्रधान | सिंहराज

# बार रूम में अधिवक्ताओं की एक मीटिंग सोमवार को होगी : नाहर सिंह






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष नाहर सिंह यादव ने 15 जुलाई सोमवार को गाजियाबाद बार रूम में दोपहर एक बजे एक मीटिंग का आयोजन किया है। उन्होंने कहा है कि 19 जुलाई को बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव है। वार्षिक चुनाव में कौन कौन अध्यक्ष हैं ये सब जानकारी में हैं। पिछले कई वर्षों से लगातार किसी ना किसी तरह कुछ लोग कब्जा किये हुए हैं। उन्होंने लिखा है कि सभी साथी चाहते हैं कि आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बार एसोसिएशन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार विजयी

**आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बार एसोसिएशन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार विजयी हों।**

हों। नाहर सिंह ने अधिवक्ता साथियों को भेजे पत्र में कहा कि जो साथी बार एसोसिएशन की गरिमा में विश्वास रखते हैं उनकी एक मीटिंग सोमवार को दोपहर एक बजे बार रूम गाजियाबाद में रखी गयी है। इस मीटिंग में उन्होंने अपने साथियों जयवीर सिंह, रत्न सिंह, प्रवीण उपाध्याय, जितेन्द्र सिंह, राम गोपाल सिंह, सुरेश यादव, राहुल शर्मा, अंकित यादव, कुलदीप सिंह, विनय उपाध्याय, राजेन्द्र कसाना और राजीव कुमार सहित सभी अधिवक्ताओं को अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किया है।

# अब हो रहा है भगवागढ़ में देवतुल्यों में इस बात का इंतजार प्रभारी मंत्री शिकायत तो ले गये पर क्या निकलेगा कोई समाधान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक बार फिर देवतुल्यों से सरकार वालों ने दिल का हाल पूछा और दल वालों ने उनके सामने दिल खोलकर रख दिया। बता दिया कि अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। बिल्कुल नहीं सुन रहे हैं और भाजपा वालों की तो कतई नहीं सुन रहे हैं।






भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान ने तो यहां तक बताया कि भाजपाई परिचय देते ही अधिकारियों के लहजे में बदजुबानी आ जाती है। भाजपा कार्यकर्ता कुंजन पंडित ने बताया कि तीन दुकान इधर और तीन दुकान इधर छोडकर सिर्फ मेरी दुकान पर ही आक्रमण हुआ। हालांकि जो कुछ हुआ और जो कुछ बताया गया वो कोई नई बात नहीं थी। वर्ष 2017 से 2022 आया और जो भी प्रभारी मंत्री यहां आया उसी से भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने दुखडा सुनाया। लेकिन हालात वही रहे और समाधान नहीं निकल पाया। अब प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री और पूर्व एडीजी पुलिस असीम अरूण आये। वो गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री हैं और उन्होंने कार्यकताओं से बात की और कार्यकताओं ने शिकायतों की बरसात की।





महानगर अध्यक्ष ने भी सहमति में सिर हिलाया और कहा कि ऐसा ही कुछ हो रहा है। सवाल अब ये है कि असीम अरूण कार्यकताओं की बात सुनकर शिकायतों का पुलिंदा अपने साथ तो ले गये हैं लेकिन उनका समाधान कितना होगा। क्योंकि जिस दरवाजे से समाधान होना है असली घमासान तो वही है।

बहरहाल अब इस बात का देवतुल्यों का इंतजार है कि वो हमारे हालात को सुनकर लिखकर ले तो गये हैं लेकिन उनके ले जाने से हमारे हालात कितने बदलेंगे, इसी का इंतजार है।

### कलेक्ट्रेट के सभागार से कॉलेज के सभागार तक यही पुकार

करंट क्राइम। इस वाली सरकार से उस वाली सरकार तक कलैक्ट्रेट वाले सभागार से लेकर कॉलेज वाले सभागार तक हर बार यही गिला रहा है यही शिकवा रहा है। सरकारें रिपीट हो गई प्रभारी मंत्री बदल गये लेकिन अफसर नहीं सुनते हैं वाली शिकायत का ना सुर बदला ना साज बदला। कार्यकर्ता शिकायत करें, मंडल अध्यक्ष शिकायत करें, पाषर्द शिकायत करें, विधायक शिकायत करें और उसके बाद भी अगर समाधान ना हो तो फिर क्या कहा जायेगा। कलैक्ट्रेट वाले सभागार में कानुपर वाले विधायक अजीतपाल आये थे। शिकायतें तो वो भी ले गये थे ।आरकेजीआईटी वाले सभागार में प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना आये थे और शिकायतें वो भी ले गये थे। आईटीएस वाले सभागार में जनरल वीके सिंह ने समस्यायें सुनी थी और अब प्रभारी मंत्री समस्यायें ले गये हैं। सभागार बदलते हैं सरकार बदलती है लेकिन ये तकरार नहीं बदलती है।

### विधायक के लैटर, मेयर के तेवर भी नहीं करा सके तबादला

करंट क्राइम। सरकार वालों की तकरार है और विपक्ष वाले खामोश हैं। सरकार वालों में रोष हैं और उनका हाईकमान खामोश है। लोनी विधायक ने एक नहीं अनेक पत्र लिखे और विचित्र ये रहा है कि विधायक के पत्रों के बाद भी किसी अधिकारी का तबादला नहीं हुआ। मेयर ने भी ऐलान किया था और 4 जून तो क्या 4 जुलाई भी बीत गई लेकिन कोई एक्शन नहीं हुआ। भाजपा वाले ही अब ये मानते हैं कि अगर विधायक और मेयर के नाराज होने का असर दिखाई नहीं देगा तो फिर आम कार्यकर्ता की नाराजगी क्या मायने रखती है।

# सीएम केजरीवाल को राहत नहीं, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25 जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। आज यानी शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को ईडी की गिरफ्तारी मामले में अंतरिम जमानत दे दी। लेकिन अभी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी है। आज उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद सीबीआई ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार किया था। सीबीआई शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले की जांच कर रही है।

इससे पहले आज अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी। अहम बात यह है कि केजरीवाल को यह राहत ईडी से जुड़े मामले में दी गई है और फिलहाल वे सीबीआई की हिरासत में हैं। ऐसे में उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। इससे पहले पीठ ने 17 मई को केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। दरअसल, ईडी की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी शुक्रवार को सुनवाई हुई। याचिका में दिल्ली में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने इस याचिका को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है। आप नेता संदीप पाठक ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा द्वारा रचित तथाकथित शराब घोटाले को ध्वस्त कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत देते वक्त कई महत्वपूर्ण बातें कही थी कि कोई भी सुबूत नहीं मिला है और ईडी पक्षपाती है। क्या अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी गैर कानूनी है, इसे सुप्रीम कोर्ट ने ऊपर की बेंच को भेजे दिया है। हर सरकार की कोई ना कोई उपलब्धि होती है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि मोदी और अमित शाह अगर किसी को चुनाव में हरा नहीं सकते तो उसे फर्जी केस में जेल में डाल देते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आप का भाजपा पर हमला

दिल्ली सरकार में मंत्री अतिशी ने कहा, 'भाजपा को पता था कि अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिल गई है और सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत मिल जाएगी इसलिए उन्होंने एक और षड्यंत्र रचा और सुप्रीम कोर्ट में जिस दिन अरविंद केजरीवाल की जमानत का केस आना था उससे पिछले दिन अपने एक और राजनीतिक हथियार सीबीआई से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवा दिया। इस देश के एक के बाद एक हर न्यायालय ने आपके (भाजपा) षड्यंत्र का पदार्फाश किया है। अरविंद केजरीवाल की ये जमानत आज पूरे देश के सामने ये साफ कर देती है कि अरविंद केजरीवाल सत्य के साथ खड़े थे, खड़े हैं और खड़े रहेंगे।' आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट ने भी सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत देते हुए कहा था कि ईडी के पास कोई सुबूत नहीं है, ईडी पक्षपात से काम कर रही है। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी सीएम को जमानत देते हुए, राउज एवेन्यू कोर्ट के जमानत के फैसले पर मोहर लगा दी है।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचे हरिद्वार, कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर की बैठक



**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने हरिद्वार पहुंचे। 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो रही है। सावन मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम धामी ने प्रशासनिक अधिकारियों, विधायकों और निगम अफसरों संग समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कुछ सुझाव दिए जिसमें मूलभूत आवश्यकताओं की ओर ध्यान देने के निर्देश भी शामिल हैं। बैठक में अहम फैसले लिए गए।

हरिद्वार पहुंच रहे कांवड़ियों की सुविधा के लिए नगर निगम, कांवड़ पटरी मार्ग पर दो विश्राम स्थल बनाएगा। एक विश्राम स्थल पंचशील मंदिर के पास और दूसरा शिव मंदिर के पास होगा। दोनों विश्राम स्थल वाटरप्रूफ होंगे ताकि बारिश से बचाव हो सके। इसके अलावा कांवड़ यात्रियों के नहाने के लिए भी फव्वारा लगाया जाएगा। कांवड़ पटरी पर मोबाइल शौचालयों का भी प्रबंध किया जाएगा। बैठक के बाद बताया गया कि कांवड़ यात्रियों के लिए 300 स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। वहीं, कांवड़ यात्रा के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय ने 22 जुलाई से चार अगस्त तक हरिद्वार जिले के सभी सरकारी अस्पतालों की छुट्टियां रद्द करने के आदेश जारी किए हैं। चेतावनी दी है कि कांवड़ यात्रा के दौरान यदि कोई डॉक्टर या स्टाफ ड्यूटी से अनुपस्थित पाया गया तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस के बाद सबसे ज्यादा जरूरत स्वास्थ्य विभाग की होती है।

पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान कई हादसे होते हैं, जिसमें कई लोगों की जान चली जाती है और कई गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। घायलों को समय पर इलाज देने और हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर करने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होती है। इस बार बड़ी संख्या में शिव भक्तों के आने की उम्मीद है।

## न्यूज डायरी

### 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप से जाना जाएगा, अधिसूचना जारी




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। हर साल 25 जून को देश उन लोगों के महान योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के इमरजेंसी के अमानवीय दर्द को सहन किया था। 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने को लेकर भारत सरकार की ओर से एक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

अधिसूचना में लिखा गया है, 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया था और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए थे। भारत के लोगों को देश के संविधान और भारत के मजबूत लोकतंत्र पर दृढ़ विश्वास है। इसलिए, भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित किया है और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुन: प्रतिबद्ध किया है। सरकार के फैसले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही मानसिकता का परिचय देते हुए देश पर आपातकाल थोपकर हमारे लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को बिना किसी गलती के जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने आगे लिखा, भारत सरकार ने हर साल 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया है। यह दिन उन सभी लोगों के महान योगदान को याद करेगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर बंद करने पर हरियाणा सरकार को लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर बंद करने को लेकर सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि कोई सरकार हाईवे को कैसे ब्लॉक कर सकती है। सरकार का काम यातायात को रेगुलेट करना होता है। उसका काम हाईवे बंद करना नहीं होता है। दरअसल, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को खोलने के आदेश दिया है। बीते छह महीने से किसान दिल्ली कूच करने को लेकर यहां पर डटे हुए हैं। स्थानीय व्यापारियों ने बॉर्डर के बंद होने से हो रही परेशानियों को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने शंभू बॉर्डर को खोलने की मांग की थी। शंभू बॉर्डर को खोलने के पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की और हरियाणा सरकार से सवाल भी पूछा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार हाईवे के यातायात को कैसे रोक सकती है। सरकार का काम है कि वह यातायात को नियंत्रित करे। हमारा कहना है कि बॉर्डर को खुला रखा जाए, लेकिन उसको नियंत्रित भी करें। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर राज्य सरकार हाई कोर्ट के बॉर्डर को खोलने के आदेश को चुनौती क्यों देना चाहती है। किसान नागरिक हैं, उन्हें भोजन और अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए। वे आएंगे, नारे लगाएंगे और वापस चले जाएंगे। दरअसल, किसान आंदोलन के दौरान प्रदर्शन कर रहे 22 वर्षीय युवक की मौत की न्यायिक जांच के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार की दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की गई है।

# उत्तरी कश्मीर के बारामुला में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 4.1 रही तीव्रता




**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में दोपहर 12 बजकर 26 मिनट पर भूकंप के झटके दर्ज किए गए। भूकंप का केंद्र सतह से 10 किलोमीटर रहा। जम्मू कश्मीर के बारामुला जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उत्तरी कश्मीर के इस जिले में दोपहर 12 बजकर 26 मिनट पर भूकंप के झटके दर्ज किए गए। रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 4.1 रही। भूकंप का केंद्र सतह से 10 किलोमीटर नीचे रहा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। फिलहाल इससे किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

लद्दाख के लेह में भूकंप के झटके महसूस किए गए। लेह में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 रही। यहां भी किसी तरह के जान माल के नुकसान की सूचना फिलहाल नहीं है। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

### भूंकप के केंद्र और तीव्रता से क्या पता चलता है

भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा।

### कैसे मापी जाती है भूकंप की तीव्रता और क्या है मापने का पैमाना?

भूंकप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

### मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को रद्द करना स्वागत योग्य फैसला : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति पढ़ाने के प्रस्ताव को रद्द करना एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि ये बाबा साहेब के बनाए संविधान से मेल नहीं खाता है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव को रद्द करना एक स्वागत योग्य फैसला है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जिस संविधान की रचना की वो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि भारतीय संविधान के मान-सम्मान व मयार्दा तथा इसके समतामूलक एवं कल्याणकारी उद्देश्यों के विरुद्ध जाकर दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मनुस्मृति पढ़ाए जाने के प्रस्ताव का तीव्र विरोध स्वाभाविक तथा इस प्रस्ताव को रद्द किए जाने का फैसला स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने आगे कहा कि परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने खासकर उपेक्षितों व महिलाओं के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के साथ ही मानवतावाद एवं धर्मनिरपेक्षता को मूल में रखकर सर्व स्वीकार भारतीय संविधान की संरचना की, जो मनुस्मृति से कतई मेल नहीं खाता है।



# स्मृति ईरानी के खिलाफ न करें अभद्र भाषा का इस्तेमाल, हार-जीत लगी रहती है : राहुल गांधी



**लखनऊ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ सोशल मीडिया पर हो रही अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी ने जनता से अपील की है और कहा कि किसी का अपमान करना कमजोर होने की निशानी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेठी से पूर्व सांसद स्मृति ईरानी को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही टिप्पणी पर नाखुशी जाहिर की है। उन्होंने एक्स पर कहा कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं। मैं सभी से अपील करता हूं की स्मृति ईरानी के खिलाफ किसी भी तरह की अपमानजनक भाषा का प्रयोग न करें। किसी को बेइज्जत और शर्मसार करना कमजोर होने की निशानी है ताकतवर होने की नहीं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऐसा न करें। बता दें कि भाजपा नेता स्मृति ईरानी मोदी सरकार के पहले दो कार्यकाल में मंत्री रह चुकी हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में राहुल गांधी को हराने के बाद उनका कद काफी बढ़ गया था। हालांकि, 2024 के चुनाव में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के करीबी किशोरी लाल शर्मा के सामने उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा। नई सरकार में उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह भी नहीं मिली। पूर्व केंद्रीय मंत्री को अपना सरकारी आवास खाली करना पड़ा है जिसके बाद से वह सोशल मीडिया पर लगातार निशाने पर हैं। इसे लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर टिप्पणी की है।

# मंत्री प्रेम कुमार बोले तेजस्वी यादव की वजह से ध्वस्त हो रहे हैं पुल



**पटना।** बिहार में पुल-पुलियों के टूटने को लेकर सियासत जारी है। आरजेडी के नेता और पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव लगातार इस मुद्दे पर नीतीश कुमार की सरकार को घेर रहे हैं। वो पुलों के ध्वस्त होने पर लगातार पोस्ट कर रहे हैं। इस पर बिहार सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री प्रेम कुमार ने पलटवार किया है। उन्होंने पुल टूटने का जिम्मेदार तेजस्वी यादव और राजद को बताया है। प्रेम कुमार ने कहा कि राजद सरकार के ही कारण बिहार में पुल गिर रहे हैं। उनकी सरकार के समय जो पुल बनाए गए थे, उनकी मेंटेनेंस नहीं की गई। जब बीच में सरकार बनाने का मौका गठबंधन को मिला, तब तेजस्वी यादव खुद ग्रामीण कार्य मंत्री थे। पुलों को मेंटेन करने की ओर उनका कभी भी ध्यान नहीं गया, इसलिए आज ऐसी घटनाएं हो रही हैं। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि अब सभी पुलों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएगा। उनकी समीक्षा की जा रही है, जो भी दोषी अभियंता और संवेदक हैं, उनके खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है। बिहार को विशेष राज्य बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मांग करना अच्छी बात है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने की आजादी है। जब से बिहार और केंद्र में एनडीए की सरकार आई है, तब से विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। प्रेम कुमार ने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को विशेष सहायता देने का काम किया है। पिछले 10 सालों में पीएम मोदी ने प्रदेश के विकास के लिए 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया, जिसके तहत नेशनल हाईवे, टू लेन और फोर लेन सड़कें, गंगा और कोसी पर पुल, दरभंगा में एम्स अस्पताल का निर्माण जैसी कई योजनाएं शामिल रहीं।

# सब्जियों और फलों ने छुड़ाए लोगों के पसीने, 300 रुपये किलो बिक रहा लहसुन



**सिरसा।** हरियाणा में हो रही बारिश का असर अब सब्जियों के दामों पर भी पड़ रहा है। बरसात और बदलते मौसम के कारण सब्जी व फलों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसके चलते लोगों को रसोई चलाना मुश्किल हो गया है।

जानकारी के अनुसार, सिरसा में प्याज के दाम 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, जबकि लहसुन की कीमत 300 रुपये किलो से अधिक है। इसके अलावा हरी सब्जियों के दामों में भी इजाफा देखने को मिला है। दरअसल, मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण सब्जियों के दाम और भी बढ़ सकते हैं। सब्जी दुकानदारों का कहना है कि दाम बढ़ जाने के कारण खरीददारी में कमी आई है। अगर बारिश ऐसे ही होती रही तो तो अगले कुछ और दिनों तक सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हो सकती है। सिरसा की सब्जी मंडी में इस समय प्याज 60 से 70 रुपये किलो, टमाटर 70 रुपये किलो, आलू 40 रुपये किलो, लहसुन 300 रुपये किलो, खीरा 60 रुपये किलो, अरबी 80 रुपये किलो, नींबू 150 रुपये किलो तक बिक रहा है। बारिश की वजह से सब्जियों के दामों में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है। सब्जियों और फल के दामों में आए उछाल के कारण आम जनता को अपनी जेब काफी ढीली करनी पड़ रही है। महंगी सब्जियां होने की वजह से आम लोग आर्थिक नुकसान भी झेल रहे हैं। नौबत यहां तक आ चुकी है कि सब्जियों और फल के दाम दोगुना हो गए हैं।

सिरसा की सब्जी मंडी में आने वाले ग्राहकों का मानना है कि पहले के मुकाबले रोजाना अब सब्जियों और फलों के दामों में बढ़ोतरी हो रही है, जिस वजह से वह पहले के मुकाबले अब कम ही सब्जियां और फल खरीद पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर एक सब्जी और फल के लिए दोगुना रेट देना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री योगी ने आम महोत्सव का किया शुभारंभ
## अमेरिका में 900 रुपए किलो बिक रहा लखनऊ का दशहरी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस साल जापान और मलेशिया को 40 टन आम निर्यात करेगा। 160 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि लखनऊ का दशहरी अमेरिका को निर्यात किया जा रहा है। भारत में दशहरी का दाम 60 से 100 रुपए के बीच है लेकिन यही दशहरी जब अमेरिका के मार्केट में पहुंचा तो इसका दाम 900 रुपए किलो हो गया है। यानी अगर हम ड्यूटी टैक्स, कार्गो और एयर फेयर का दाम भी जोड़ लें तो एक किलो आम अमेरिका भेजने की लागत 250-300 रुपए तक आ रही होगी तब भी एक किसान एवं बागवान को एक किलो आम पर 600 रुपए की बचत होगी। राजधानी लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोत्सव का शुभारंभ किया। 12 से 14 जुलाई तक चलने वाले इस महोत्सव में आम की विभिन्न प्रजातियों व उनके उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार आम महोत्सव आयोजित कर रही है। इस आयोजन में सरकार अपने प्रगतिशील किसानों और बागवानों को सम्मानित करती है। उत्तर प्रदेश के उत्पादित आम को हम न केवल देश में बल्कि दुनिया की मार्केट में पहुंच सके इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हमारी सामान्य भाषा में जिस फल का नाम आम होता है उस फल में प्रत्येक नागरिक की पहुंच का सहज अनुमान लगाया जा सकता है, वह आम है इसलिए सबके लिए सुलभ भी है और सबके लिए सरल भी है और सबके लिए उपयोगी भी है। अतः जो आम होगा, वही राजा भी होगा और इसीलिए फलों के राजा के रूप में आम को हम सबने महत्व दिया है। तीन दिवसीय आम महोत्सव में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों के किसान, बागवान, स्टेकहोल्डर, निर्यातक भी शामिल होंगे।

### विभिन्न प्रदेशों के किसान हुए शामिल

महोत्सव में लगभग 700 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया है। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में आम महोत्सव में यूपी के साथ ही मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत कई राज्यों के आम के किसान पहुंचे हैं। इसके साथ ही अलग अलग राज्यों के उद्यान प्रतिनिधि और आम की खेती करने वाले विशेषज्ञ भी पहुंचे हैं।

### सात श्रेणी के 58 वर्ग में होंगी प्रतियोगिता

आम महोत्सव में 12 से 14 जुलाई के बीच सात श्रेणी के 58 वर्ग में आम की विभिन्न प्रजातियों एवं आम के प्रसंस्कृत पदार्थों की प्रतियोगिता होगी। महोत्सव में विभिन्न संस्थाओं द्वारा 800 प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम संरक्षित पदार्थ वर्ग में 90 प्रतिभागियों द्वारा 310 नमूने, आम पकवान में तीन प्रतिभागियों द्वारा 10 नमूने प्रदर्शित किए जाएंगे। महोत्सव में कुल 1317 प्रतिभागियों द्वारा 2350 नमूने प्रदर्शित किए जाएंगे।

# यूसीसी पर राज्यों ने तेजी से काम करना शुरू किया, केंद्र को विधि आयोग की रिपोर्ट का इंतजार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के सवाल पर कहा है कि इस पर राज्य सरकारों ने तेजी से काम करना शुरू कर दिया है और केंद्र को विधि आयोग की रिपोर्ट का इंतजार है। आईएएनएस के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह मसला बहुत पुराना है। संविधान सभा की बहस में बाबा साहेब अंबेडकर ने इसकी (समान नागरिक संहिता) वकालत की थी। राज्य सरकारों ने इस पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है। गोवा में यह पहले से ही लागू है और अब उत्तराखंड ने लागू कर दिया है। मेघवाल ने आगे कहा कि विधि आयोग इस पर विचार कर रहा है और इसकी रिपोर्ट आने के बाद केंद्र सरकार अपने अगले कदम के बारे में बताएगी।

बता दें कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को समान नागरिक संहिता की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। उत्तराखंड सरकार ने इससे पहले रिपोर्ट के मुख्य अंश ही जारी किए थे। लेकिन, शुक्रवार को शाम से पूरी रिपोर्ट आम लोगों के लिए उपलब्ध हो जाएगी। कोई भी व्यक्ति वेबसाइट पर जाकर रिपोर्ट को देख सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन विश्व हिंदू परिषद के समान नागरिक संहिता और समान जनसंख्या नीति लागू करने की मांग को फिर उठाने के बाद यह मुद्दा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण और संवेदनशील होता जा रहा है। केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा के लिए भी यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। राज्य स्तर पर भाजपा की सरकारों ने इसे लेकर कदम बढ़ा दिए हैं। भाजपा की केंद्र सरकार इस पर लोगों और राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया पर खास नजर बनाए हुए है। वहीं, सरकार को समान नागरिक संहिता के मामले में विधि आयोग की रिपोर्ट का भी इंतजार है।

### एक दिन में 60 मुकदमों पर फैसला, 1800 बीघे जमीन कर दी भूमाफिया के नाम

**प्रयागराज।** फूलपुर तहसील में 2015 में अरबों रुपये की सरकारी जमीन को भूमाफिया के नाम करने का अजब खेल खेला गया है। तत्कालीन तहसील प्रशासन ने एक दिन में 60 वादों को निस्तारित कर करीब 1800 बीघे जमीन भूमाफिया के नाम कर दी। फूलपुर तहसील में 2015 में अरबों रुपये की सरकारी जमीन को भूमाफिया के नाम करने का अजब खेल खेला गया है। तत्कालीन तहसील प्रशासन ने एक दिन में 60 वादों को निस्तारित कर करीब 1800 बीघे जमीन भूमाफिया के नाम कर दी। इनमें से 52 वाद तो दाखिल करने के एक दिन बाद ही निस्तारित कर दिए गए। खास बात है कि ज्यादातर मामलों में सुनवाई करने वाले अधिकारी ने राजस्व टीम की आख्या पर बस ओके लिख दिया है।

**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी यूपी बोर्ड हाई स्कूल सन 2016 अनुक्रमांक 0538742 व इंटरमीडिएट सन 2018 अनुक्रमांक 0449047 संस्थागत का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें ।

काजल यादव पुत्री छतरपाल सिंह
ग्राम सुठारी, पोस्ट सुराना
मुरादनगर गाजियाबाद

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 13 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## पूर्व डिप्टी मेयर राजीव शर्मा ने क्यों कर दिया ये ऐलान

# बुल्डोजर के आगे बैठूंगा अगर टूटी मेरे क्षेत्र में किसी व्यापारी की दुकान


**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजीव शर्मा निगम पार्षद हैं और चार दिन पहले ही वो पर्ची सिस्टम से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले पद से आउट हुए हैं। राजीव शर्मा की ये खूबी है कि वो अपने क्षेत्र के दुकानदारों के लिए क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए उनकी समस्या में साथ आकर खड़े होते हैं। अगर गलत हो रहा है तो गलत को गलत कहने की ताकत रखते हैं।

क्षेत्र की एक दुकान को लेकर राजीव शर्मा सामने आये। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली और कहा कि यदि नगर निगम ने गलत तरीके से चौपला क्षेत्र के व्यापारी की दुकान तोड़ी तो बुल्डोजर के आगे मैं बैठूंगा। अब राजीव शर्मा की इस पोस्ट के बाद कमेंट की झड़ी लग गयी। लोगों ने उसने पूछा कि आखिर ऐसा क्या है कि आपको ये ऐलान करना पड़ा है। राजीव शर्मा ने बताया कि ये दुकान देश की आजादी से पहले बनी हुई है।

करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि नवयुग मार्किट में प्याऊ के सामने ये दुकान बनी है। ये दुकान 1937 से बनी हुई है और दुकान की बाकायदा रजिस्ट्री भी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के जेई ने इस दुकानदार को नोटिस दिया और कहा कि दुकान से अपना शटर हटा लो वरना कार्यवाही होगी। राजीव शर्मा ने कहा कि जब दुकानदार के पास रजिस्ट्री है तो निगम उसे क्यों नहीं देख रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि इस व्यक्ति की दुकान को तोड़ने बुल्डोजर आया तो न्याय के लिए जमीन पर मैं बैठूंगा। बुल्डोजर के सामने मैं बैठूंगा।








### 12 व्यापार मंडलों के अध्यक्ष बैटेंगे विरोध में धरने पर

**करंट क्राइम।** जो दुकान आजादी से भी पहले से चली आ रही है उस दुकान को नगर निगम का नया निजाम एक साल के अंदर तोड़ना चाहता है। दुकानदार के पास रजिस्ट्री है और निगम के प ास बुल्डोजर है। लेकिन अब इस मामले में एक दर्ज व्यापार मंडलों के अध्यक्ष सामने आ गये है उन्होंने धरने पर बैठने का ऐलान कर दिया है। साफ कह दिया गया है कि अगर व्यापारी की दुकान तोडने बुल्डोजर आया तो डासना गेट, दिल्ली गेट, सिहानी गेट बाजार, चौपला बाजार, टाउन हॉल बाजार, पुरानी मुनसिफी व्यापार मंडल, महाराजा अग्रसेन व्यापार मंडल, अनाज मंडी घंटाघर व्यापार मंडल, गोल मार्किट व्यापार मंडल, और रमते राम रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष एक साथ जमीन पर बैठकर धरना देंगे।

### क्यों हो रहा है निगम में रोजाना एक विवाद

**करंट क्राइम।** प्रदेश में सरकार भाजपा की है। नगर निगम में पूरी तरह से बहुमत भाजपा के पास है और उसके बाद निगम का हथौड़ा भाजपा के कार्यकताओं से लेकर भाजपा के समर्थकों पर चल रहा है। कुंजन पंडित की दुकान का शटर नगर निगम उखाड़ता है। सब्जी मंडी से लेकर शहर के बाजारों में पोलीथिन अभियान में चालान को लेकर हंगामा होता है। तुराबनगर के व्यापार अध्यक्ष भाजपा पदाधिकारी है और उस बाजार में दिन के समय अचानक निगम की जेसीबी तोड़फोड़ करती है। दुकानों के किराये को लेकर विवाद है। हिंडन पार के पार्षदों का दर्द ये है कि सफाई इंस्पेक्टर उनकी नहीं सुन रहा है अब कहने वाले यही कह रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हो गया है कि नगर निगम का कहर शहर वालों पर टूट रहा है। उसकी जेसीबी उसका बुल्डोजर भाजपा समर्थकों पर चल रहा है। जनता की आवाज पर जनता के नेताओं को बुल्डोजर के सामने बैठने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है।

### निगम दुकान तोड़ रहा है कोर्ट को रजिस्ट्री वाली बात क्यों नहीं बता रहा

**करंट क्राइम।** राजीव शर्मा ने कहा कि जिस बात को लेकर विवाद शुरू हुआ है वो दुकान नगर निगम तो छोडो गाजियाबाद के भी जिला बनने से पहले बल्कि देश के आजाद होने से पहले की बनी है। ये दुकान 1937 में बनी है। नगर निगम वाले कह रहे है कि कोर्ट के ऑर्डर है। जिस व्यक्ति की दुकान है उसके पास रजिस्ट्री के कागज हैं। उन्होंने नगर निगम को कागज भी दिखायें है लेकिन नगर निगम कोर्ट में रजिस्ट्री दिखाने के बजाय दुकान को तोड़ने पर आमादा है। ये गलत बात है।

## अधिकारी से मुलाकात के बाद बदल गई क्या एजेंडे की स्क्रिप्ट

### शिकायत वाली स्टोरी में आ गया विकास वाला ट्विस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में नदिया पार वाले पार्षद एक शिकायत लेकर पहुंचे थे और जब वो अपना गिला लेकर अधिकारी के पास पहुंचे तो अधिकारी ने अपने व्यवहार से उन्हें शांत किया और पार्षद तब हैरान रह गये जब उनकी मुलाकात वाले एजेंडे की स्क्रिप्ट ही बदल गई। स्टोरी में विकास का ट्विस्ट आ गया। बताया जाता है कि हिंडन पार क्षेत्र के पार्षद वहां के एक सफाई इंस्पेक्टर से नाराज थे। वो सफाई इंस्पेक्टर की शिकायत लेकर नगर आयुक्त से मिलने गये थे। मिलने वाले पार्षदों में गौरव सौलंकी, राज कुमार भाटी, नरेश भाटी, पार्षद कुसुम गोयल के पति तथा पूर्व पार्षद मनोज गोयल और पार्षद भूपेन्द्र उपाध्याय शामिल थे। बताते हैं कि सफाई इंस्पेक्टर से नाराज पार्षदों ने नगर आयुक्त से शिकायत की। बताया कि सफाई इंस्पेक्टर ना तो पार्षदों के कहने पर काम कर रहा है और ना ही उनकी बात सुन रहा है। बताया कि इस सफाई इंस्पेक्टर की पूर्व में कई पार्षदों से तकरार हो चुकी है। कहानी में मोड तब आया जब नगर आयुक्त ने जब पार्षदों की बात ध्यान से सुनी।




उन्हें इस मामले में मुख्यमंत्री आदेश वाले ऐंगल से समझाया और फिर खुद ही समाधान भी बताया। कहा कि एक अधिकारी और अटैच कर देंगे तो आपकी समस्या का समाधान भी होगा और मान सम्मान भी रहेगा। इसके बाद अधिकारी ने पार्षदों से विकास के विषयों पर बात की। वसुंधा के प्रमुख चौराहे का सौंदर्यीकरण को लेकर बात की। पार्षदों के साथ बैठकर योजना बनाई। सफाई व्यवस्था को लेकर बात की। इसके बाद पार्षद आ गये और वो तब हैरान रह गये जब उन्हें मुलाकात की स्क्रिप्ट पता चली। पार्षद को नगर आयुक्त कार्यालय से फोन किये गये विकास की योजना बनायी गई। उनकी सहमति ली गई और उसके बाद फिर विकास वाली विज्ञप्ति जारी हुई।

एक अच्छी बात ये रही कि पांच पार्षदों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और यह मुलाकात एक केवल व्यक्ति की शिकायत तक सीमित नहीं रही बल्कि पांच पार्षदों की और एक नगर आयुक्त की मुलाकात चौराहों के सौंदर्यीकरण का समाधान लेकर आई। तिराहे को व्यवस्थित करने की योजना बनायी गई और सफाई व्यवस्था को लेकर भी विचार हुआ।

### नगर आयुक्त का विकास का प्रयास सफल रहा

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त वाली स्क्रिप्ट में विवाद का जिक्र नहीं था। शिकायत की कोई बात नहीं थी और उन्होंने विवाद को हटाकर विकास को जोड़ा। नगर आयुक्त का ये प्रयास एक अच्छा प्रयास है जब उन्होंने विवाद के बजाय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास से जोड़ा है। पार्षद भी हैरान हुए कि समाधान निकला है और ऐसा नहीं कि पार्षदों को विश्वास में लिये बिना स्क्रिप्ट बदली गई हो।

# 15 दिवसीय कांवड़ यात्रा मार्ग के लिए 1 लाख 20 हजार पेड़ों की कटाई

## एनजीटी प्रदेश सरकार के अधिकारियों के जवाब से असंतुष्ट

### बड़ी संख्या में पेड़ों के काटे जाने से नहरों का जीवन खतरे में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में 15 दिवसीय कांवड़ यात्रा मार्ग के लिए संरक्षित वन क्षेत्रों में 1 लाख 20 हजार पेड़ों की कटाई पर एनजीटी ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग को ऊपरी गंगा नहर के किनारे काटे गए पेड़ों की सीमा और विस्तार की उपग्रह छवि दाखिल करने का निर्देश दिया है।

एनजीटी ने उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों द्वारा दिए गए जवाबों पर असंतोष व्यक्त करते हुए राज्य अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि अनुमेय सीमा से परे पेड़ों की कोई अवैध कटाई न हो। हस्तक्षेपकर्ता विक्रांत तोंगड़, सतेंद्र सिंह और राजेंद्र त्यागी के अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने अदालत को बताया कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के अनुरूप है, जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक नागरिक के पास जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार, अनुच्छेद 14 और 21 द्वारा मान्यता प्राप्त है और यह ट्रिब्यूनल के अपने आदेशों के भी विपरीत है कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई या कटाई अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। श्री वशिष्ठ ने कहा है कि ऊपरी गंगा नहर के किनारे के इलाकों में रहने वाले लोगों की 365 दिनों की पानी, सिंचाई और पर्यावरणीय जरूरतों को साल में सिर्फ 15 दिनों के लिए कांवड़ तीर्थयात्रियों के लिए बनाई जाने वाली सड़क की बलि नहीं चढ़ाया जा सकता है। तीन अन्य हरिद्वार की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कें हैं जो नहर के बाएं किनारे पर मौजूद हैं और आसानी से कांवड़ यात्रा के उद्देश्य को पूरा कर सकती हैं।

श्री वशिष्ठ ने अदालत को सूचित किया कि गाजियाबाद से मुजफ्फरनगर के पुरकाजी तक गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए पेड़ों को काटने के राज्य के प्रस्ताव को एमओईएफ एंड सीसी ने विस्तृत पारिस्थितिक विचार-विमर्श के बाद 2011 में ही खारिज कर दिया था। वे उसी प्रस्ताव पर दोबारा विचार कर रहे हैं।





हस्तक्षेप करने वाले आवेदकों के वकील एवं परामर्शदाता आकाश वशिष्ठ

### पेड़ों का कटान जलवायु आपदा पैदा करेगा

**करंट क्राइम।** यदि पेड़ काटे जाते हैं, तो इसका परिणाम पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के लिए जलवायु आपदा होना तय है, जो देश का भोजन-कटोरा है। जिस क्षेत्र में ऐसे पेड़ काटे जाने हैं, वह बहुत समृद्ध जैव विविधता और वन्यजीव निवास स्थान है। हालांकि, जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 36 के तहत, MOEF&CC द्वारा इस खंड के लिए कोई जैव विविधता प्रभाव आकलन नहीं किया गया है। अगर नहर के किनारे इतनी बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए, तो नहर अगले 4 वर्षों में गायब हो जाएगी, जैसा कि पश्चिम यूपी में अधिकांश अन्य नहरों का हश्र हुआ है।

# क्यों शुरू हो गई उपचुनाव से पहले भगवागढ़ में ये चर्चाएं

## कहीं पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी गठबंधन से ही चुनाव ना लड़ जाएं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी बिसात बिछ रही है तो मोहरे और चेहरों का आंकलन हो रहा है। राजनीति में कई बार समीकरण सामने वाले चेहरों पर निर्भर करते हैं। चुनाव से पहले ही भगवागढ़ में ये चर्चाएं शुरू हो गई है कि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी गठबंधन से कही चुनाव ना लड़ जायें। दरअसल ये चर्चाएं इसलिए हैं कि बीते दिनों ये चर्चा पूरे जोर पर थी कि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी भाजपा में आने का प्रयास कर रहे हैं। ये भी चर्चा थी कि भाजपा के ही कई ताकतवर चेहरे उनकी एन्ट्री रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

चर्चा तो यहां तक थी कि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी भाजपाई हो जायेगें। इस चर्चा को बल तब मिला था जब पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोडशो में नजर आये थे। बहरहाल लोकसभा चुनाव हो भी गया और पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने भाजपा ज्वाइन नहीं की। अब जब शहर सीट पर चुनाव आया है और यहां सर्वे रिपोर्ट में ब्राह्मणों को नंबर वन दिखाया है तो यहां सुरेन्द्र मुन्नी के चुनाव लड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। सुरेन्द्र मुन्नी के आने की चर्चा इसलिए भी है क्योंकि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी सियासत के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित चेहरे माने जाते हैं। यदि सुरेन्द्र मुन्नी चुनाव में आये तो फिर भाजपा के लिए ये चुनाव उतना आसान नहीं रहेगा। चर्चा यही है कि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी विपक्ष से चुनाव लड़े तो क्या रहेगा। हालांकि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी अभी अपनी चुनावी इच्छा को लेकर साइलेंट हैं।



### ना सुरेन्द्र मुन्नी ने कहा कि आ रहे है और ना वो बोले हम रोक रहे हैं

**करंट क्राइम।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी के भाजपा में आने की चर्चा ऐसे ही नहीं चली थी। राजनीति में आने और जाने के संदेश होते हैं। राजनीति में फोन के संदेश होते हैं। पूर्व लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह के बर्थडे पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी उन्हें जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे थे। निगम चुनाव में पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने मेयर सुनीता दयाल को उनका टिकट होने की बधाई टिकट घोषित होने से भी छह घंटे पहले दे दी थी। अब जब वो प्रधानमंत्री के रोड शो में पहुंचे थे तो ये कन्फर्म हो गया था कि भाजपा में आने की तैयारी है। सूत्र बताते हैं कि कई बड़े दरवाजे उनके लिए खुल भी गये थे। लेकिन यहां एक पहलू ये भी है कि ना तो पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी ने ये कहा कि वो भाजपा में आ रहे हैं और ना ही उन्हें रोकने वालों ने ये खुलकर ये ऐलान किया कि हम रोक रहे हैं।

### जन राजनीति का लोकप्रिय चेहरा हैं पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी

**करंट क्राइम।** शहर की राजनीति की बात करें और जन राजनीति की बात करें तो पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी जन राजनीति का लोकप्रिय चेहरा है। कई चुनाव लड़े हैं और हार जीत दोंनों का अनुभव है। स्वच्छ, बेदाग राजनीतिक जीवन गुजारा है। प्रतिष्ठित चेहरों में गिनती होती है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो जन राजनीति का एक ऐसा चेहरा है जो सभी के दुख सुख में शामिल होता है। ब्राह्मण समाज में मजबूत पकड़ मानी जाती है। कहा ये भी जाता है कि पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी रालोद में है और रालोद भाजपा के साथ है। वहीं दूसरा खेमा ये मानता है कि रालोद में सुरेन्द्र मुन्नी सपा की सहमति से चुनाव लडने गये थे और यह अनुबंध अपने आप समाप्त हो गया। इसलिए वो समा में है। बहरहाल उनके सामने भी चुनौती है। क्योंकि यहां गठबंधन वाले कॉलम में डॉली शर्मा, अभिषेक गर्ग और अमरपाल का भी नाम आता है। इस कड़ी में अब पूर्व विधायक सुरेन्द्र मुन्नी का नाम भी जुड़ गया है।

## संपादकीय

# वैश्विक शांति के पक्ष में भारत

दुनिया भर में अलग-अलग देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिस तरह के खेमों में बंट रहे हैं, जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दे खड़े हो रहे हैं, उसमें लगातार इस बात की आशंका खड़ी हो रही है कि आने वाले वक्त में कहीं युद्ध के मोर्चों का विस्तार न हो जाए! रूस और यूक्रेन या फिर इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध ने इस आशंका को गहरा किया है। ऐसे में भारत ने जिस तरह युद्ध के विरुद्ध खड़े होने और सार्वजनिक रूप से शांति के लिए अपनी नीति घोषित करने का साहस किया है, उसकी अपनी अहमियत है। पहले रूस और उसके बाद आस्ट्रिया के दौरे में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरह से स्पष्ट रूप से दुनिया भर में युद्ध की परिस्थितियों को खत्म करके शांति की वकालत की। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है; भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है। यह हर जगह शांति और समृद्धि का आकांक्षी है और इक्कीसवीं सदी में अपनी भूमिका को पहले से ज्यादा मजबूत बनाएगा। दोनों देशों की यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने वहां के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की और द्विपक्षीय सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया। मगर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बनते खेमों के बीच जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें वैश्विक स्तर पर शांति के पक्ष में भारत का खड़ा होना अहम है। दरअसल, वह रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध हो या फिर इजराइल और हमास के बीच, भारत का यह रुख जगजाहिर रहा है कि वह युद्ध का समर्थन नहीं करता।

आतंकवाद के मसले पर भी भारत की साफ राय है कि यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री ने पहले भी कई बार बातचीत का रास्ता अपनाने की ही सलाह दी है। आस्ट्रिया दौरे में भी अगर उन्होंने भारत के शांति का पक्षधर होने की बात की तो यह स्वाभाविक और अपनी नीतियों पर ही कायम रहना है। यह छिपा नहीं है कि जहां रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के संकट में कोई कमी नहीं दिख रही है, वहीं अमेरिका और उसके कई सहयोगी देश नाटो की बैठक करके एक अलग ही संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के हालात में भारतीय प्रधानमंत्री की रूस और आस्ट्रिया की यात्रा और इस दौरान दिए गए संदेश का मतलब साफ है। विश्व का जो भी हिस्सा युद्ध या आतंकवाद से प्रभावित है, वहां सामान्य विकास की तो दूर, जनजीवन के बाधित होने और मानव अधिकारों का हनन आम है। ऐसे में दुनिया की महाशक्तियां अगर लोकतंत्र बचाने की बात करती हैं, तो यह अपने आप में एक विरोधाभासी स्थिति है। युद्ध और आतंकवाद को खत्म किए बिना और शांति कायम किए बगैर कहीं भी मानव अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवन नहीं दिया जा सकता। इस समूचे संदर्भ में भारत का पक्ष हमेशा से स्पष्ट रहा है। यही वजह है कि भारत ने अक्सर इस बात पर जोर दिया है कि यहां के लोग बुद्ध और उनके विचार के रास्ते पर चल कर दुनिया भर में शांति और सौहार्द की उम्मीद करते हैं। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में जिस तरह की खेमेबंदी हो रही है, युद्ध के नए मोर्चे खुलने की आशंका खड़ी हो रही है, उसमें भारत ने शांति के पक्ष में अपनी भूमिका की निभाने की जो घोषणा की है, उसकी जरूरत दुनिया भर को है। भारत सदैव शांति का ही पक्षधर रहा है और अपनी नीतियों पर अमल भी करता रहा है।

# मोदी सरकार के 10 वर्षों में 12.5 करोड़ रोजगार के अवसर हुए सृजित : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर रोजगार के मुद्दे पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पीएम मोदी की सरकार ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में 12.5 करोड़ रोजगार का सृजन किया है। ये आंकड़े विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठे दावों पर करारा तमाचा हैं। वर्ष 2004-2014 की अवधि के दौरान, तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह स्वयं एक अर्थशास्त्री थे, लेकिन उनके समय में केवल 2.9 करोड़ ही रोजगार सृजित हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए जफर इस्लाम ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में लगभग 5 प्रतिशत की औसत महंगाई दर रही, जबकि यूपीए शासन में यह आंकड़ा लगभग 9 प्रतिशत था और 2009-14 के बीच यह आंकड़ा 10 प्रतिशत तक भी पहुंच गया था। राहुल गांधी सहित विपक्ष के कई नेता झूठ बोलकर, जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। राहुल गांधी ने संसद के सदन पटल पर हिंदू धर्म का अपमान किया और अब झूठ बोलने के नए धर्म का पालन करने लगे हैं। राहुल गांधी अक्सर अपने भाषणों में झूठ बोलते हैं, आज उन झूठी बातों का आकंडों के माध्यम से पदार्फाश हो गया है। देश और विदेश के बड़े-बड़े बैंकों के अनुसार, भारत की महंगाई दर सबसे कम है और रोजगार के अवसर सृजित करने में भारत प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में देश के लगभग 5 करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया। इससे पहले देश में नौकरी करने वालों की संख्या 57.90 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 64.30 करोड़ हो गई है, अर्थात एक वर्ष में लगभग 5 करोड़ नए रोजगार के अवसर उत्पन्न किए गए हैं। जनता ने देश को एक स्थिर सरकार चुनकर दिया, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशहित में अहम और बड़े निर्णय लिए गए। यही वजह है कि आज भारत दुनिया में सबसे सफलतापूर्वक रोजगार के अवसर उत्पन्न करने वाला देश बन गया है। मोदी सरकार ने स्ट्रक्चरल और पॉलिसी रिफॉर्म करके देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है। दुनिया के अन्य देश विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत तरक्की कर रहा है, सेवाएं पीएमआई या विनिर्माण पीएमआई की रिपोर्ट के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से चल रही है।

# ऑल-टाइम हाई पर शेयर बाजार, निफ्टी पहली बार 24,500 के ऊपर


**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को रिकॉर्ड तेजी देखने को मिल रही है। आईटी शेयरों में खरीदारी के दम पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 80,893 और 24,592 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। दोपहर 1 बजे तक सेंसेक्स 651 अंक या 0.82 प्रतिशत बढ़कर 80,549 और निफ्टी 193 अंक या 0.80 प्रतिशत बढ़कर 24,509 अंक पर है। बता दें, यह पहला मौका है, जब निफ्टी 24,500 के ऊपर कारोबार कर रहा है। बाजार में तेजी की वजह आईटी शेयरों में तेजी का होना है। निफ्टी आईटी इंडेक्स 4.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,985 पर है। इसके अलावा मीडिया, फिन सर्विस, सर्विस सेक्टर और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में भी तेजी बनी हुई है। सेंसेक्स पैक में टीसीएस 6.5 प्रतिशत, विप्रो 4.75 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.39 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.17 प्रतिशत और एचसीएल टेक 3.08 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर्स हैं। एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स और सन फार्मा करीब आधा-आधा प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स हैं। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से गुरुवार को वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए गए थे। कंपनी का मुनाफा पहली तिमाही में 12,040 करोड़ रुपये रहा है। अप्रैल-जून के बीच कंपनी की आय सालाना आधार पर 5.4 प्रतिशत बढ़कर 62,613 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी ने निवेशकों को प्रति शेयर 10 रुपये के अंतरिम लाभांश का भी ऐलान किया था। ब्रोकरेज फर्म एसएएस ऑनलाइन के संस्थापक और सीईओ श्रेय जैन ने कहा कि बाजार का प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। निवेशक हर गिरावट पर खरीदारी कर रहे हैं। वैश्विक संकेत भी सकारात्मक बने हुए हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, हम 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी की ओर अग्रसर हैं : हरदीप पुरी



**नई दिल्ली।** एसबीआई की तरफ से नौकरियों को लेकर जारी आंकड़े पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को आईएएनएस के साथ खास बातचीत बात करते हुए कहा कि पिछले 10 साल के दौरान ही भारतीय अर्थव्यवस्था में 12.5 करोड़ नौकरियां पैदा हुई हैं। उससे पहले के 10 वर्षों में 2.9 करोड़ नौकरियां पैदा हुईं। उन्होंने आईएएनएस को बताया कि ये आंकड़े भारतीय स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष द्वारा तैयार किए गए हैं। उन्होंने उद्यम पोर्टल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा लगभग 20 करोड़ का कुल रोजगार सृजन करने पर भी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब से देश ग्यारहवीं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश से निकलकर पांचवीं सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था वाले देश की श्रेणी में पहुंच गया। इस दौरान अनेक सुधारों ने अर्थव्यवस्था को विभिन्न प्रकार के बंधनों से मुक्त कर दिया। 2004-2014 की अवधि में, यूपीए-1 और यूपीए-2 के तहत दस वर्षों में सिर्फ 8 प्रतिशत की वृद्धि रोजगार सृजन में देखी गई। दूसरी तरफ नीतिगत पंगुता, भ्रष्टाचार और घोटालों ने इस दशक में विकास की रफ्तार धीमी कर दी। हरदीप पुरी ने कहा कि 2014-24 की अवधि में नौकरियों और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी एक सराहनीय कदम है और उम्मीद जताई कि अगले कुछ वर्षों में इसी तरह की नौकरियों की संख्या सरकारी फर्मों में भी दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कौशल प्राप्त लोगों की कमी की तरफ भी ध्यान दिलाया और कहा कि यह चिंता का विषय है कि देश के ऐसे कौशल प्राप्त मानव संसाधन का उपयोग खाड़ी या यूरोपीय देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च प्रशिक्षित कर्मचारियों में से कई को इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ऑफर किया जाता है, जिससे देश में ऐसे कर्मचारियों की कमी हो जाती है। उन्होंने एलएंडटी के एक अधिकारी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि इस कंपनी के पास लगभग 45,000 कौशल प्राप्त कुशल कामगारों की कमी थी और जिसकी वजह से परियोजनाओं के समय पर पूरा होने में दिक्कत आई। मोदी 2.0 में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री के रूप में अपने अनुभव को याद करते हुए हरदीप पुरी ने कहा कि वह कौशल प्राप्त कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों को कैसे बनाए रखा जाए और प्रशिक्षित पेशेवरों के एक नए बैच को कैसे तैयार किया जाए।

# शेयर बाजार में तेजी, टीसीएस और इंफोसिस टॉप गेनर्स



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की शुक्रवार को सपाट शुरूआत हुई है। शुरूआती कारोबार में सीमित दायरे में रहने के बाद बाजार में तेजी लौटी। सुबह 9:33 तक सेंसेक्स 293 अंक या 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,191 और निफ्टी 101 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,423 पर था। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हल्की तेजी बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 173 अंक या 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,321 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 108 अंक या 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,028 पर है। बाजार में रुझान तेजी का बना हुआ है। एनएसई पर 1589 शेयर हरे निशान में और 497 शेयर लाल निशान में हैं। सेंसेक्स पैक में 22 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं। टीसीएस, विप्रो, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एमएंडएम, एसबीआई और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स हैं। मारुति सुजुकी, सन फार्मा, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, पावर ग्रिड और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स हैं। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू, फिन सर्विस और मेटल इंडेक्स में तेजी है। केवल रियल्टी इंडेक्स ही लाल निशान में हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। अमेरिका में महंगाई कम होने के कारण ब्याज दर घटने की उम्मीद जैसे सकारात्मक संकेतों पर हो सकता है। बाजार में एक्शन देखने को मिले। वहीं, टीसीएस की ओर से उम्मीद से अच्छी नतीजे देने और सकारात्मक कमेंट्री से आईटी शेयरों पर फोकस रह सकता है।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन काफी विवादास्पद साबित हो सकता है। आपको अपने वरिष्ठों की उपेक्षा का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक जीवन और स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। शाम तक कोई शुभ समाचार मिलेगा। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आज आपके भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। भवन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकता है। परिवार के साथ समय व्यतीत करेंगे। वाहन चलाते समय सावधान रहें।

**कर्क :** ऑफिस में आप कुछ लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। आप नौकरी बदलने या अतिरिक्त आय के लिए भी विचार कर सकते हैं। आप भाग्यशाली हो सकते हैं।

**सिंह :** नौकरी या काम से जुड़े कई नए विकल्प आपको मिल सकते हैं। हालाँकि, आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना चाहिए। काबिलियत दिखाने का सही समय है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। व्यापारिक यात्राओं से लाभ होगा। व्यापार में अधिक लाभ के लिए आपको किसी का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** आज आप रचनात्मक क्षेत्र में रचनात्मकता का परिचय देंगे। फिर भी आपका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। जलाशय से दूर रहना ही बेहतर है।

**वृश्चिक :** व्यापार में लाभ के योग हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए समय सही है। रुके हुए काम पूरे होंगे। पुरानी समस्याएं सुलझ सकती हैं। शत्रुओं पर विजय मिलने के योग हैं।

**धनु :** नए संपर्क और संचार व्यवसाय को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। आप अपने लक्ष्यों को वास्तविक जिम्मेदारियों के आलोक में स्वीकार कर परिभाषित करेंगे।

**मकर :** आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपके मन में नए विचार आ सकते हैं। कार्य योजना तैयार कर सकते हैं। आपकी आमदनी में वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ :** नए प्रेम-संबंध बनने की संभावनाएं प्रबल हैं लेकिन निजी और गोपनीय जानकारी को प्रकट करने से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा।

**मीन :** अचानक लाभ मिलने के योग हैं। अगर आपका पार्टनर भी आपकी मदद करेगा तो धन लाभ हो सकता है। पुराना कर्ज खत्म हो सकता है।

## चुटकुले

बाबाजी ने दिया परम सत्य ज्ञान...
जिंदगी की भागदौड़ में सेहत का भी ख्याल रखिए...
ऐसा ना हो कि... आप पीछे रह जाएं...
और पेट आगे निकल जाए...!!!

पापा (गुस्से में) :- एक काम नहीं होता तुमसे, तुमको धनिया का पत्ता लाने को बोला था तो तुम पुदीना ले आये हो। तुमको धनिया और पुदीना में फर्क पता नहीं चलता। तुम जैसे बेवकूफ को घर में रखने से अच्छा है कि तुम घर से निकल जाओ।
बच्चा :-साथ ही चलते हैं घर से..?
पापा :- क्यो?
बच्चा :- क्योकि मम्मी कह रही है कि ये मै थी है।।

टैक्सीवाला - साहब, ब्रेक फेल हो गये है,
गाड़ी रूक ही नहीं रही हैं,
क्या करू?
सवारी - पहले तू मीटर बंद कर दे.!

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? फलार्थी एक प्रकार का शाकाहारी होता है जिसमें कोई व्यक्ति पौधे को मारने के बिना सिर्फ फलों, नट्स, बीज और अन्य पौधे की सामग्री को खा सकते हैं।
- एक पीसाचारी एक प्रकार का शाकाहारी होता है जो सिर्फ मछली खाता है! यह शब्द साल 1993 में उत्पन्न हुआ, यह शाकाहारी और इतालवी शब्द पेस के शब्द का मिश्रण है!
- क्या आप जानते हैं? सबसे कठोर पनीर भी शाकाहारी नहीं होता है, कुछ पनीर बनाने के लिए आपको एंजाइम चीमोसिन (जिसे राइनिन भी कहा जाता है) की आवश्यकता होती है।
- शाकाहार की जड़ें प्राचीन भारत में है, वास्तव में, वर्तमान में दुनिया के शाकाहारियों में से 70% भारतीय हैं और यहां दुनिया में किसी अन्य देश की तुलना में भारत में अधिक शाकाहारी हैं।
- क्या आप जानते हैं? लैक्टो-शाकाहारी डेयरी उत्पादों की खपत करते हैं लेकिन अंडे नहीं खाते। वहीँ, एक ओवो-शाकाहारी अंडे खाता है लेकिन अन्य डेयरी उत्पादों को नहीं खाता है। तथा एक ओवो-लैक्टो शाकाहारी आहार में अंडे और डेयरी उत्पादों दोनों शामिल हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# बीसीसीआई ने ठुकराई गौतम गंभीर की ये मांग



● बीसीसीआई सहायक स्टाफ के लिए किसी विदेशी को नहीं लेने की नीति पर ही चलना चाहता है

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था। गंभीर के पदभार संभालने से पहले ही बोर्ड ने उन्हें झटका दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने फील्डिंग कोच के लिए जोंटी रोड्स का नाम प्रस्तावित किया था जिसे बोर्ड ने स्वीकार नहीं किया है। रोड्स दुनिया के बेहतरीन फील्डर माने जाते हैं, लेकिन बीसीसीआई का मानना है कि सहायक स्टाफ भारतीय ही होना चाहिए।

रोड्स और गंभीर इससे पहले आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजाएंट्स के साथ काम कर चुके हैं। गंभीर इस टीम के मेंटर रह चुके हैं। हालांकि, बीसीसीआई सहायक स्टाफ किसी भारतीय को ही रखना चाहता है। यह परंपरा पिछले सात साल से जारी है और फिलहाल बोर्ड इसमे कोई बदलाव नहीं चाहता है। बीसीसीआई सहायक स्टाफ के लिए किसी विदेशी को नहीं लेने की नीति पर ही चलना चाहता है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने के साथ ही सहायक स्टाफ की सेवाएं भी समाप्त हो गई हैं। इनमे बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हांब्रे और फील्डिंग कोच टी. दिलीप शामिल हैं। इन सभी का कार्यकाल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद खत्म हो गया है।

### विनय कुमार को गेंदबाजी कोच बनाने के पक्ष में नहीं बीसीसीआई

रिपोर्ट के अनुसार, जोंटी रोड्स की तरह ही गंभीर ने गेंदबाजी कोच के लिए विनय कुमार के नाम की सिफारिश की थी, लेकिन बीसीसीआई ने इसका समर्थन नहीं किया। इस बीच, यह भी खबर आई थी कि गंभीर नीदरलैंड के पूर्व खिलाड़ी रियान टेन डसकाटे को सहायक स्टाफ में शामिल करना चाहते थे। डसकाटे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के फील्डिंग कोच रह चुके हैं और कई अन्य लीग का भी हिस्सा रहे हैं।

### सहायक स्टाफ को लेकर बढ़ी दिलचस्पी

गंभीर के प्रस्ताव ठुकराए जाने की खबरों के बीच क्रिकेट समुदाय में इस बात को लेकर दिलचस्पी बढ़ गई है कि सहायक स्टाफ को लेकर बीसीसीआई क्या अंतिम फैसला लेगा। इस दौड़ में कई पूर्व खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन अब तक आधिकारिक रूप से कोई भी नाम सामने नहीं आया है। मालूम हो कि गंभीर इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज से टीम इंडिया से जुड़ेंगे।

# एंडरसन की अगुआई में गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन, वेस्टइंडीज की स्थिति खराब



**लंदन।** अपना अंतिम टेस्ट मैच खेल रहे तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की अगुआई में गेंदबाजो के दमदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज पर शिकंजा कस लिया है। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी पूरी तरह लड़खड़ा गई है और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 79 रन बनाए हैं और वह अभी इंग्लैंड से 171 रन पीछे चल रहा है। स्टंप्स के समय जोशुआ डा सिल्वा आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

### वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ाई

दूसरी पारी में खेलने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत एकदम अच्छी नहीं रही और उसने 37 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी संभल नहीं सकी और उसने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपने छह विकेट गंवा दिए। वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी इतनी खराब रही कि अब तक सिर्फ एलिक अथानाजे और जेसन होल्डर ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। अथानाजे 22 रन और होल्डर 20 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड के लिए फिलहाल एंडरसन, गस एटकिंसन और बेन स्टोक्स ने दो-दो विकेट झटके हैं।

### इंग्लैंड ने हासिल की बड़ी बढ़त

इससे पहले, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड की पहली पारी 371 रन पर ऑलआउट की। हालांकि, मेजबान टीम वेस्टइंडीज पर 250 रनों की बढ़त लेने में सफल रही। इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 189 रन से आगे खेलना शुरू किया और जो रूट तथा हैरी ब्रूक ने चौथे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की। रूट 68 रन बनाकर आउट हुए, जबकि ब्रूक 50 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अंत में क्रिस वोक्स ने 70 रनों की पारी खेली जिससे इंग्लैंड की टीम बड़ी बढ़त लेने में सफल रही।

### एंडरसन के नाम जुड़ी खास उपलब्धि

टेस्ट क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन के नाम इस प्रारूप में एक और खास उपलब्धि जुड़ गई है। एंडरसन टेस्ट प्रारूप में 40000 गेंद फेंकने वाले दुनिया के चौथे गेंदबाज बन गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा गेंद डालने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम है जिन्होंने 44039 गेंद फेंकी थी। इसके बाद भारत के अनिल कुंबले हैं जिन्होंने 40850 गेंद, जबकि शेन वॉर्न ने 40705 गेंद फेंकी हैं।

# नडाल ने एटीपी टूर वापसी से पहले अभ्यास शुरू किया




**बस्ताद।** लगभग दो दशकों के बाद, राफेल नडाल बस्ताद में वापस आ गए हैं, क्योंकि स्पैनियार्ड ने नॉर्डिया ओपन में अपने पहले अभ्यास का आनंद लिया, जहां वह अगले सप्ताह एटीपी 250 इवेंट में वाइल्ड कार्ड के रूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल ने एटीपी रैंकिंग में मौजूदा 31वें नंबर के अर्जेंटीना के खिलाड़ी टॉमस मार्टिन एचेवेरी को आमंत्रित किया और खिलाड़ियों ने ग्रीस में एक गहन प्रशिक्षण ब्लॉक के लिए टीम बनाई। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने एटीपीटूर.कॉम को बताया, जिस जगह पर हम अभ्यास कर रहे हैं वह रोमांचक है... और नडाल वहां जा रहे हैं, मैं कहूंगा कि वह बहुत अच्छा खेल रहे हैं। ला प्लाटा के मूल निवासी के लिए 92-बार के टूर-स्तरीय खिताबधारी के साथ दिन बिताना कैसा था ? एचेवेरी ने कहा, मुझे उनसे चीजें पूछने, सलाह मांगने का मौका मिला, और वह हमेशा बहुत विनम्र थे, मदद कर रहे थे, प्रगति कर रहे थे, और उनके पास सभी के लिए बहुत समय था। एचेवेरी ने साथ ही कहा, ये दिन मेरे लिए एक सपने जैसे रहे हैं, वास्तव में एक अद्भुत अनुभव, सबसे ऊपर राफा के साथ समय बिताना, एक खिलाड़ी जिसे मैं तब से देख रहा हूं जब से मैंने टेनिस खेलना शुरू किया, इतिहास में सर्वश्रेष्ठ में से एक, इसलिए यह रोमांचक था। यह एक विशेषाधिकार और एक सम्मान था।" नडाल अगले सप्ताह नॉर्डिया ओपन में एक्शन में होंगे। 2005 में यह प्रतियोगिता जीतने के बाद से यह एटीपी 250 में स्पैनियार्ड की पहली उपस्थिति होगी। 7-5 सीजन का रिकॉर्ड रखते हुए, नडाल ने फ्रांस की राजधानी में ओलंपिक शुरू होने से पहले प्रतियोगिता के समय और लय की खोज जारी रखी है, जहां वह एकल में खेलेंगे और युगल में कार्लोस अल्काराज के साथ भागीदारी करेंगे। 38 वर्षीय नडाल, जिन्होंने कहा है कि 2024 उनके करियर का अंतिम सीजन हो सकता है, 27 मई को रौलां गैरो के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलेंगे। सीजन में अब तक उनका स्कोर 7-5 है, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम मैड्रिड में घरेलू धरती पर चौथे दौर तक पहुंचना था।

# 'पाकिस्तान आने पर कोहली भूल जाएंगे...,' शाहिद अफरीदी ने भारतीय टीम को लेकर कही ये बात




**कराची।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी का कहना है कि अगर स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पाकिस्तान आते हैं तो वह प्रशंसकों के प्यार से अभिभूत हो जाएंगे। पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है और भारत के इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाने पर संशय है। इस बीच, अफरीदी ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों को दूर रखते हुए भारतीय टीम से पाकिस्तान का दौरा करने की अपील की है।

### बीसीसीआई के फैसले पर टिकी नजर

1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराए थे। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं। बोर्ड के इस फैसले पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी नहीं कहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी।

### श्रीलंका या दुबई में मैच कराने की मांग कर सकता है बीसीसीआई

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भारतीय टीम के अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना बेहद कम है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई आईसीसी से मुकाबले दुबई या श्रीलंका में कराने के लिए कह सकता है। मालूम हो कि इससे पहले, पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाईब्रिड मॉडल के तहत हुआ था जिसमे भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए गए थे।

### अफरीदी ने भारतीय टीम से की अपील

अफरीदी ने एक यू-ट्यूब चैनल पर कहा, मैं पाकिस्तान में भारतीय टीम का स्वागत करूंगा और उन्हें आना भी चाहिए। हमें हमेशा भारत में प्यार मिला है और इसी तरह का सम्मान भारत को 2005 दौरे पर मिला था। क्रिकेट को राजनीति से दूर रखना चाहिए। भारत और पाकिस्तान एक दूसरे के खिलाफ उनके देश में खेलें इससे बड़ी राजनीति और क्या हो सकती है। अगर कोहली पाकिस्तान में खेलेंगे तो वह भारत में मिले प्यार को भूल जाएंगे। कोहली का पाकिस्तान में काफी क्रेज है और हमारे लोग उन्हें पसंद करते हैं। यहां तक कि वह मेरे भी पसंदीदा खिलाड़ी हैं। उनकी अपनी क्लास है और कोहली को टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास नहीं लेना चाहिए था क्योंकि उनके होने से यह प्रारूप काफी प्यारा था।

## पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप मैच के लिए तैयार हरमनप्रीत कौर

**नईदिल्ली।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप मैच से पहले हर मैच में जीत के लिए प्रयास करने की अपनी रणनीति पर अडिग हैं। भारत को 19 जुलाई को दांबुला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करनी है। भारत ने हाल ही में घरेलू वनडे सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। उन्होंने तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से बराबर करने से पहले एकमात्र टेस्ट में 10 विकेट से जीत अपने नाम की थी। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले हरमनप्रीत ने कहा कि एक टीम के तौर पर उन्हें मुकाबले के अन्य मापदंडों के बजाय अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। हरमनप्रीत ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जब आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं, तो दोनों देशों में अलग-अलग माहौल होता है। दोनों देश चाहते हैं कि उनकी टीम जीते। एक खिलाड़ी के तौर पर हम पर बहुत दबाव होता है। लेकिन एक लीडर के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी टीम को उस माहौल में हल्का महसूस कराऊं, ताकि उन्हें ऐसा न लगे कि हम पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं या यह दबाव वाला मैच है।

## नीरज चोपड़ा के गोल्ड को इन तीन खिलाड़ियों से मिल सकती है मजबूत चुनौती




**नई दिल्ली।** भारत की नजर इस बार पेरिस ओलंपिक 2024 में अपने अब तक सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने पर है। टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रचने वाले गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा से देश की उम्मीदें इस बार भी गोल्ड की होगी, लेकिन नीरज के लिए यह राह इतनी आसान नहीं होने वाली। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा इस बार पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के गोल्ड मेडल के सबसे मजबूत दावेदार हैं। ओलंपिक 2020 में जब उन्होंने भारत के लिए जैवलिन थ्रो में गोल्ड जीता था, तब से उन्हें 'गोल्डन ब्वाय' के रूप में भी जाना जाता है।

नीरज चोपड़ा भारत के स्टार जैवलिन थ्रो खिलाड़ी है, लेकिन पेरिस ओलंपिक में उनकी राह आसान नहीं होने वाली है। 2024 के सीजन बेस्ट के मामले में इस समय सबसे ऊपर जर्मनी के मैक्स डेहनिंग हैं, जिन्होंने इसी साल फरवरी में 90.20 मीटर दूर भाला फेंक कर सनसनी मचा दी थी। 20 साल का यह युवा एथलीट इस बार स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। नीरज चोपड़ा के लाख जतन के बावजूद वो 90 मीटर के अपने टारगेट आंकड़े को हासिल नहीं कर पाए। वहीं, जूलियन वेबर (बेस्ट 88.37) और याकूब (बेस्ट 88.65 मीटर) भी नीरज को कड़ी टक्कर देंगे। पेरिस में होने वाले आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के करीब आते ही, हरियाणा का यह एथलीट एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार है। फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर के प्रभावशाली थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद, चोपड़ा अब लगातार ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट के रूप में इतिहास रचने का लक्ष्य बना रहे हैं, ताकि वे न केवल पदक के लिए बल्कि स्वर्ण के लिए देश के सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभरें।

पेरिस 2024 से पहले, ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा तुर्किये के अंताल्या में ग्लोरिया स्पोर्ट्स एरिना में रहेंगे। यह स्टार खिलाड़ी इस शोपीस इवेंट के लिए फिनलैंड और जर्मनी में प्रशिक्षण ले रहा है। ओलंपिक इस साल का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसका आयोजन फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा। भारत का प्रतिनिधित्व अलग-अलग खेलों में लगभग 120 खिलाड़ियों का दल करेगा। इस समूह में पहली बार ओलंपिक खेलने जा रहे और अनुभवी दिग्गज दोनों शामिल हैं। 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों की ओर से ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला था। इस बार भारतीय दल से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। 2020 टोक्यो ओलंपिक में पिछली बार भारत के नाम कुल 7 मेडल रहे थे। अब तक ओलंपिक खेलों में यह भारतीय खिलाड़ियों को बेस्ट प्रदर्शन था और उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक का रिकॉर्ड तोड़ा था। 2012 लंदन ओलंपिक में भारत ने 6 मेडल जीते थे।

# क्रेजिकोवा और पाओलिनी में होगा महिला एकल का खिताबी मुकाबला



**विंबलडन।** वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के महिला एकल का खिताबी मुकाबला चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा और इटली की जैस्मीन पाओलिनी के बीच खेला जाएगा। 2021 में फ्रेंच ओपन खिताब जीतकर सफलता हासिल करने के तीन साल बाद, क्रेजिकोवा ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए गुरूवार को रोमांचक सेमीफाइनल में जीत के बाद अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम एकल फाइनल में प्रवेश किया। नंबर 31 सीड क्रेजिकोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में नंबर 4 सीड एलेना रिबाकिना, 2022 विंबलडन चैंपियन, को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शनिवार के शिखर मुकाबले में अपना स्थान पक्का कर लिया। क्रेजिकोवा को मैच का रुख बदलने और सेंटर कोर्ट पर जीत हासिल करने में 2 घंटे और 7 मिनट का समय लगा और अब उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा, जिन्होंने पहले दिन में क्रोएशिया की डोना वेकिच पर कड़ी टक्कर में जीत हासिल की थी। नंबर 7 सीड पाओलिनी ने वेकिच को 2 घंटे और 51 मिनट में 2-6, 6-4, 7-6(8) से हराया और ओपन युग में विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली इतालवी महिला बन गईं। अपनी कम वरीयता के बावजूद, क्रेजिकोवा रिबाकिना के खिलाफ 2-0 की बढ़त के साथ मैच में आई और उसने उस रिकॉर्ड का समर्थन किया। अपने तीन मुकाबलों में तीसरी बार, क्रेजिकोवा जीत की राह पर आगे बढ़ने से पहले पहला सेट हार गई। क्रेजिकोवा ने कजाकिस्तान की रिबाकिना को एक अत्यंत दुर्लभ विंबलडन हार दी। रिबाकिना ने विंबलडन के मुख्य ड्रा में 90.5 प्रतिशत जीत दर (गुरुवार से पहले 19-2) के साथ मैच में प्रवेश किया, जो ओपन युग में पूर्व चैंपियन एन जोन्स और स्टेफी ग्राफ के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ था। क्रेजिकोवा ने इस साल विंबलडन से पहले केवल एक शीर्ष 10 खिलाड़ी का सामना किया था - ऑस्ट्रेलियन ओपन में आर्यना सबालेंका से हार - लेकिन अब वह लगातार दो शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराने और अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की कोशिश करेगी। उनके सामने फाइनल में उनकी प्रतिद्वंद्वी होंगी इटली की पाओलिनी जिन्होंने एक डाउन-टू-द-वायर थ्रिलर में वेकिच को हरा दिया। इटालियन 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही वर्ष में रौलां गैरो और विंबलडन फाइनल में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी हैं। क्रेजिकोवा और पाओलिनी पहले केवल एक बार भिड़े हैं, काफी समय पहले और बिल्कुल अलग स्तर पर - 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर का क्वालीफाइंग मैच, जब वे दोनों शीर्ष 100 से बाहर थीं। क्रेजिकोवा ने वह मैच आसानी से 6-2, 6-1 से जीत लिया। पिछले कुछ वर्षों में नियमित रूप से शीर्ष 10 में रहने के बावजूद, क्रेजिकोवा का 2024 विंबलडन फाइनल में पहुंचना उनके 2021 रौलां गैरो खिताब जीतने के समान ही अप्रत्याशित था, जब वह 33वें स्थान पर एक गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थीं। इस पूरे वर्ष बीमारियों के कारण परेशान रहने के बाद, क्रेजिकोवा 7-9 जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ विंबलडन में आईं, जिसमें जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल तक का सफर भी शामिल था। पाओलिनी ने विंबलडन में महिला एकल के अब तक के सबसे लंबे सेमीफाइनल में वेकिच को तीन सेटों में हरा दिया। पिछला सबसे लंबा विंबलडन सेमीफाइनल 2009 में सेरेना विलियम्स की एलेना डिमेंतिवा पर 6-7(4), 7-5, 8-6 से जीत थी, यह मुकाबला 2 घंटे 49 मिनट तक चला था।

पाओलिनी की वेकिच के खिलाफ चार मुकाबलों में यह तीसरी जीत थी। 28 वर्षीय खिलाड़ी 2016 में सेरेना के बाद एक ही सीजन में फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

**स्टेफी ग्राफ (1999), सेरेना विलियम्स (2002, 2015, 2016), वीनस विलियम्स (2002) और जस्टिन हेनिन (2006) के बाद पिछले 25 वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पाओलिनी केवल पांचवीं खिलाड़ी हैं।**

# कर्नाटक सरकार को एमयूडीए घोटाले में ईडी की जांच पर कोई आपत्ति नहीं : एमबी पाटिल



**विजयपुरा।** कर्नाटक में महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित विकास निगम लिमिटेड में हुए घोटाले को लेकर बयानबाजी का दौर जारी है। बीजेपी के आरोपों पर और ईडी की जांच को लेकर अब कर्नाटक सरकार में मंत्री एमबी पाटिल ने प्रतिक्रिया दी है। कर्नाटक सरकार में उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि वाल्मीकि निगम के करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच एसआईटी पहले से ही कर रही है। हमें एसआईटी पर पूरा भरोसा है। हालांकि, अब प्रवर्तन निदेशालय भी जांच कर रहा है। हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। हमारी मांग है कि बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मंत्री एमबी पाटिल विजयपुरा शहर में मीडिया से बात करते हुए कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र और कांग्रेस विधायक बसनगौड़ा दद्दाल के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मारी गई रेड पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मामले में नागेंद्र की भूमिका हो या न हो, जांच निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी जांच बिना किसी दबाव के होनी चाहिए और जो भी दोषी हो, उसे सजा मिलनी चाहिए। सीएम सिद्दारमैया पहले ही एमयूडीए घोटाले के बारे में जवाब दे चुके हैं। आवंटन भाजपा के कार्यकाल में ही हुआ था। बता दें कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) घोटाले का आरोप लगा है। अवैध धन हस्तांतरण मामले को लेकर ईडी कांग्रेस के दो नेताओं के ठिकानों पर भी छापा मार चुकी है। इससे पहले कर्नाटक के बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने घोटाले को लेकर सिद्दारमैया सरकार पर सवाल उठाए थे। बीवाई विजयेंद्र ने कहा था कि जो पैसा एससी/एसटी के लिए आवंटित किया जाना था, उसका इस्तेमाल कर्नाटक के अलावा कई अन्य राज्यों में भी किया गया। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री बैराठी सुरेश घोटाले में शामिल अधिकारियों को बचा रहे हैं और खुद सीएम सिद्दारमैया इसमें शामिल हैं।

# झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाले में पूर्व मंत्री आलमगीर, ओएसडी संजीव सहित अन्य के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट ने लिया संज्ञान




**रांची।** झारखंड के टेंडर कमीशन घोटाले के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के केस में रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम के खिलाफ शुक्रवार को संज्ञान लिया। कोर्ट ने ईडी की ओर से इनके खिलाफ दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (चार्जशीट) को स्वीकार कर लिया है और अब इनके खिलाफ मुकदमे की आगे की कार्यवाही शुरू होगी। ईडी ने चार जुलाई को 100 से भी अधिक पन्नों में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट में बताया है कि पूर्व मंत्री के तत्कालीन ओएसडी संजीव लाल के घरेलू सहायक के ठिकानों पर हुई छापेमारी में 32.20 करोड़ रुपए मिले। पूछताछ में यह पाया गया है कि यह रकम टेंडर कमीशन के जरिए अवैध रूप से उगाही गई है। प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट में यह भी बताया गया है कि टेंडर घोटाले में पूर्व मंत्री की संलिप्तता के साक्ष्य हैं। इस केस में ईडी अब तक आरोपियों की चार करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इसके अलावा कई चल-अचल संपत्ति का भी जिक्र किया गया है, जिन्हें जल्द ही एजेंसी अटैच करने की कार्रवाई करेगी। ईडी ने संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम को छह मई को गिरफ्तार किया था। वहीं, तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम को 15 मई को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने गिरफ्तारी के बाद तीनों से 14 दिन तक पूछताछ की थी और उसके बाद जेल भेज दिया था। उस समय से तीनों आरोपी जेल में हैं। टेंडर कमीशन मामले में अब तक नौ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सबसे पहले ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया गया था। एक आरोपी हृदय नाथ तिवारी फरार है। ईडी ने कुल 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

# शिप्रा सनसिटी के एक फ्लैट में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

## 'मम्मी- पापा मैं आप के लिए कुछ न कर सका'



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम की शिप्रा सनसिटी सोसाइटी में किराये के फ्लैट में दोस्तों के साथ रह रहे दिल्ली की फूड चेन कंपनी के प्रबंधक का शव फंदे पर लटका मिला। दोस्त के आने पर दरवाजा नहीं खुलने से घटना का पता चला। पुलिस ने जाली काटकर दरवाजा खोलकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके से मिले सुसाइड नोट में युवक ने माता पिता को लिखा है कि वह उनके लिए कुछ नहीं कर पाया, उसे माफ कर देना। इंदिरापुरम पुलिस को सूचना मिली कि शिप्रा सनसिटी में एक युवक फ्लैट का दरवाजा नहीं खोल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने फ्लैट स्वामी, स्थानीय पार्षद संजय सिंह की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए गेट की जाली काटकर खोला तो वहां रह रहे युवक का शव फंदे पर लटका मिला। युवक का शव रस्सी के सहारे पंखे से लटका था। छानबीन में पता चला कि यह फ्लैट पारुल त्रिपाठी का है और उसने शिखर यादव और उसके साथियों को किराये पर दिया हुआ था। पारुल ने शिखर से बात की तो उसने बताया कि वह तीन दिन पहले अपने घर ग्वालियर आया है। फ्लैट में उसका दोस्त दीपक यादव रह रहा है, जिसका पूरा पता उसके पास नहीं है। कल से उसकी उससे बात भी नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक, सुबह के समय शिखर का दोस्त ऋषि अपनी घड़ी लेने फ्लैट पर आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। बहुत प्रयास के बाद भी दरवाजा न खोलने और दीपक का फोन न लगने पर उसने पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान उसके पास से मिले आधार कार्ड से 24 वर्षीय दीपक यादव पुत्र संजय निवासी निकट ऊषा माता मंदिर सेवक पार्क, पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई। शव की तलाशी ली गई तो निक्कर की जेब से सुसाइड नोट और स्मार्ट फोन मिला। सुसाइड नोट में युवक ने लिखा है कि मम्मी-पापा मैं आपके लिए कुछ नहीं कर सका।

# चोरी की सवा माह बाद हुई रिपोर्ट दर्ज




**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की शिव विहार कॉलोनी में मकान का ताला तोड़कर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सवा माह बाद रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। शिव विहार कॉलोनी निवासी आकाश कपूर ने बताया कि गत 2 जून को बदमाश मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की कीमत का बिजली का सामान चोरी करके ले गए। इसकी सूचना थाने को दी गई ,लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद इसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर को दी गई। पुलिस कमिश्नर ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद ही नगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

# अस्पताल के बाहर गोलियां दागकर दहशत फैलाई



**लोनी, करंट क्राइम।** बाइक सवार दो बदमाशों ने शुक्रवार अलसुबह एक निजी अस्पताल पर अंधाधुंध गोलियां दागीं और मौके से फरार हो गए जिससे वहां दहशत फैल गई। अस्पताल संचालक ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है।

लोनी थाने की नवीनकुंज कॉलोनी में अमित उर्फ अमरीश और राजीव का पार्टनरशिप में सर्वोदय अस्पताल है। अमित ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे अस्पताल के बाहर बाइक सवार दो बदमाश पहुंचे और बाहर से कई राउंड गोलियां दागने के बाद मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर वहां दहशत फैल गई। आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। अस्पताल संचालक ने सुबह आठ बजे पुलिस को घटना की सूचना दी तथा रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### भाजपा वालों की जुबान पर क्यों हैं समाजवादी ही समाजवादी

कहने को ये भगवा गढ़ हैं कहने को यहां फूल वालों को देश की सबसे बड़ी जीत मिली है और कहने को 100 वाले निगम में 73 फूल ही कमल के हैं। मगर फूल वालों की जुबान पर ये समाजवादी ही समाजवादी क्यों हैं। कोई प्रभारी मंत्री आ जाये तो और खुद मुख्यमंत्री आ जाये तो गिला शिकवा अफसरों की बदजुबानी का और आरोप उनकी मानसिकता समाजवादी होने का। इससे पहले विधायक कह ही चुके हैं कि अफसरो की मानसिकता समाजवादी है। जब प्रभारी मंत्री असीम अरूण आये तो भगवा चौहान ने मंच से कहा कि सरकार फूल की है लेकिन फील ऐसा होता है कि समाजवादी सरकार है। प्रभारी मंत्री के सामने जब फोटो वाले पंडित जी की दुकान का मामला उठा तो यहां भी सपा की हवा दिखाई दी। उनके कानों तक भी सक्रियता समाजवादी की ही सुनाई दी। उन्हे भी पता चला कि भगवा देवतुल्य की मदद के लिये युवा समाजवादी ही आगे आ गया था। उसके एक फोन पर 30 मिनट में निगम का दस्ता मलबा उठा गया था

### फूल वालों के लिए अब शहर वाला रण नही है इतना कूल

देवतुल्यों से लेकर राम तक सारे पैतरें फूल वालों के काम नही आये हैं। फायरब्रांड की किसी तरह सवा लाख से जीते और दस लाख के दावे तीन तीस पर आकर रूक गये। वो तो भला हो रिवर पार वालों का वरना चुनावी फीवर तो कुछ और ही आ जाता। पुराने भाजपाई ने ही कहा कि जिन्हे फूल वाला टिकट जीत की गारंटी लग रहा हो वो जरा केयरफुल रहें। शहर वाला रण इस बार फूल वालों के लिये इतना कूल नही हैं जितना माकूल माहौल वो समझ रहे हैं। उन्होंने चुनावी नब्ज की बात कही और कहा कि केतली में उबाल नही है और हाथी की अब वो चाल नही हैं। नदियापार की इस चुनाव में कोई भागीदारी नही है और लाइनपार वालों की ही सारी जिम्मेदारी नही है, तो बी केयरफुल

### कैसी आई है ये सहर निगम का कहर और ये शहर

कहने वाले ने कहा कि नगर निगम के सदन तो पहले भी चले हैं और सरकार के बिना भी चले और सरकार के साथ भी निगम का सदन रहा है लेकिन इस बार शहर में निगम के कहर का शोर क्यों मच रहा है। निगम वाले जोश में हैं और शहर वाले रोष में हैं। निगम वाले एज पर रूल की बात कह रहे हैं और फूल वाले कुछ कह ही नही पा रहे हैं। देवतुल्य की दुकान पर बुलडोजर चल गया और फूल वालों के बाजार में फूल वालों का मेंबर ही बुलडोजर लेकर पहुंच गया। कमीशनखोरी और जुबानजोरी के किस्से तो जनता की जुबान पर हैं। बाजार हैं तो वहां पन्नी को लेकर हा हाकार मच गया है। सफाई सुपरवाईजर प्राइवेट जेसीबी मंगवा कर चाय वाले का खोखा तहस नहस कर रहा है।

# कॉलोनियों की ग्रीन बैल्ट अतिक्रमणमुक्त कराई

लोनी, करंट क्राइम। नगर पालिका ने खन्ना नगर, ऋषि मार्किट और गिरी मार्किट कॉलोनी की ग्रीन बैल्ट को अतिक्रमणमुक्त कराया। नगर पालिका के चीफ सैनेटरी और फूड इंस्पेक्टर संजीव अवाना ने बताया कि शुक्रवार को खन्ना नगर , ऋषि मार्किट तथा गिरी मार्किट कॉलोनी की ग्रीन बैल्ट को अतिक्रमणमुक्त कराया गया है। ग्रीन बैल्ट की भूमि पर दुकानदारों ने पुराना फर्नीचर, रोड़ी डस्ट, बालू तथा अन्य सामान डालकर अतिक्रमण किया हुआ था। चेतावनी के बाद भी दुकानदार ग्रीन बैल्ट को अतिक्रमणमुक्त नहीं कर रहे थे जिस पर कुछ दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया है तथा कुछ को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। अवाना का कहना है कि अतिक्रमणमुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने दुकानदारों से स्वयं अपना सामान हटा लेने की अपील की है तथा चेतावनी दी है अगर वह सामान नही हटाएंगे तो नगर पालिका की टीम उनका सामान जब्त कर लेगी।

# खाते से निकाले 99 हजार रुपए , रिपोर्ट दर्ज







**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की विजय मंडी स्थित टंकी रोड कॉलोनी निवासी एक युवक से जानकारी लेकर खाते से 99 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की टंकी रोड कॉलोनी निवासी अरुण वेमल ने थाने में तहरीर दी है कि उनके खाते से साइबर ठगों ने 10 बार में 99100 रुपए निकाल लिए। जानकारी होने पर इसकी सूचना बैंक अधिकारियों को दी गई ,लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कांवड़ शिविर के लिए भूमि पूजन किया

लोनी, करंट क्राइम। शिव कांवड़ सेवा संघ द्वारा इस वर्ष भी गंगनहर पाइप लाइन रोड पर मथुरापुर गांव के पास कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष विनोद गुप्ता और के के गर्ग ने बताया कि गुरुवार को शिविर के लिए भूमि पूजन किया गया। 24 जुलाई से शिविर शुरू होगा। शिविर में कांवड़ियों के ठहरने, नहाने धोने, पूजा करने, खाने पीने और उपचार की व्यवस्था रहेगी। खड़ी कांवड़ को पकड़ने के लिए सेवादार उपलब्ध रहेंगे और गंगाजल की उपलब्धता रहेगी। गुरुवार को भूमि पूजन में विनोद गुप्ता, केके गर्ग के अलावा, राहुल, राजेन्द्र, आनन्द, संदीप गुप्ता, यश गुप्ता, रंजीत प्रधान, प्रमोद गर्ग, अनूप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 60 करोड़ की लागत से 57 किमी लम्बी सीवर लाइन बिछेगी

## डीएलएफ- एसएलएफ सहित करीब तीन दर्जन कॉलोनियों को जलभराव से मुक्ति मिलेगी

● जल निगम ने ठेकेदार के साथ कांट्रेक्ट साइन किया

**लोनी, करंट क्राइम।** डीएलएफ अंकुर विहार और एसएलएफ वेद विहार के साथ साथ वार्ड 28 और 41 की सभी कॉलोनियों में जल्द ही करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से 57 किमी लम्बी सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। गुरुवार को जल निगम ने ठेकेदार के साथ कॉन्ट्रेक्ट साइन किया है। सीवर लाइन बिछने के बाद करीब तीन दर्जन कॉलोनियों को जलभराव की समस्या से निजात मिल जाएगी और भूखंड और मकानों के दाम आसमान छूने लगेंगे। जल निगम के अधिशासी अभियंता अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत लोनी सीवरेज फेस-3 पार्ट एक के तहत लोनी के नगर पालिका परिसीमन से पूर्व के वार्ड 28 और 41 की करीब तीन दर्जन कॉलोनियों में दो सप्ताह बाद सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो जाएगा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि उक्त बस्तियों में करीब 60 करोड़ रुपए की लागत से 57 किमी लम्बी सीवर लाइन बिछाई जाएगी।

# कांवड़ यात्रा मार्ग को गड्ढामुक्त करने की उठी मांग

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा शुरू होने में एक सप्ताह बाकी है ,लेकिन लोक निर्माण विभाग ने अभी तक सड़कों को गड्ढामुक्त नहीं किया है।

सौंदा, डिडौली, शहजादपुर मार्ग की सड़क जर्जर हालत में है और बड़े बड़े गड्ढे बन गए है। इस मार्ग से हजारों कांवड़िए गुजरते हैं।

बता दें कि गंगनहर पटरी और सौंदा पुल से कांवड़िओं को डिडौली, शहजादपुर मार्ग से होते हुए पाइपलाइन भेजा जाता है। कांवड़ यात्रा शुरू होने में अभी एक सप्ताह का समय है, लेकिन अभी तक भी लोक निर्माण विभाग ने कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सड़कों को गड्ढामुक्त नहीं किया है।

परशुराम सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि गांव सौंदा पुल से डिडौली-शहजादपुर मार्ग से कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों शिवभक्त गुजरते हैं। अधिकारियों को पत्र लिखा गया है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई से शिवभक्त कांवड़िए यात्रा मार्ग पर आने शुरू हो जाएंगे।



## नाले के गंदे पानी से भी निजात दिलाने की मांग

**करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर भी बसंतपुर सैंतली तथा असालत नगर के बीच निर्माण कार्य के चलते हाइवे किनारे बना नाला बंद पड़ा है, जिस कारण नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा है, मच्छर पनप रहे हैं और बदबू फैल रही है। स्थानीय निवासी अशोक कुमार ,दीपक गुर्जर, संदीप टीटोटिया आदि लोगों ने इस गंदे पानी से निजात दिलाने तथा कांवड़ यात्रा के मद्देनजर साफ सफाई की मांग की है ' इनका कहना है कि बरसात होने के बाद यह पानी सारा हाइवे पर चढ़ जाता है और निकलने की जगह तक नहीं होती। गाड़ियां पैदल व दोपहिया वाहनों के यात्रियों के ऊपर गंदे पानी की बौछारें मारती जाती हैं।

# आरडब्ल्युए अध्यक्ष ने पौधरोपण कर मनाई अपने पिता की चौथी पुण्यतिथि

● हवन पूजन के बाद किया प्रसाद वितरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी आरडब्ल्युए के अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने अपने पिता स्व. महेंद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर अपने पैतृक गांव चिपियाना बुजुर्ग गौतमबुद्धनगर में पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के अवसर पर उन्होंने सुंदरकांड का पाठ, हवन और पौधरोपण के बाद प्रसाद वितरण भी किया। शुक्रवार को अपने पैतृक ग्राम चिपियाना बुजुर्ग गौतमबुद्धनगर के श्रीबालाजी विलाज में मनवीर चौधरी ने अपने पिता की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर प्रातः सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया। इसके बाद हवन पूजा आदि के बाद गांव में ही उन्होंने सभी संबंधी एवं मित्रों के साथ मिलकर नीम, पीपल, पिलखन , बरगद और जामुन के 200 फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध टी-सीरीज कलाकार राजू हंस ने अपने भजनों से स्व. महेंद्र सिंह की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने हवन में आहुति देकर स्व. महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कार्यक्रम में आए प्रत्येक व्यक्ति ने एक-एक पौधा अपने बुजुर्गों के नाम से लगाया । साथ ही मनवीर चौधरी के द्वारा दो व्यक्ति इन पौधों की देखभाल के लिए नियुक्त भी किये गए। इस अवसर पर चिपियाना बुजुर्ग गांव के ही रहने वाले समाजसेवी विजय चौधरी ने बताया कि बुजुर्गों के नाम एक वृक्ष की जो मुहिम आज मनवीर चौधरी ने शुरू की है ये आगे चलकर धरा के लिए वरदान साबित होगी। गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के रहने वाले सुरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि स्व. महेंद्र सिंह बहुत ही सरल और विवेकशील इंसान थे और यही गुण उनके पुत्र मनवीर चौधरी में भी है। मनवीर चौधरी ने बताया कि मेरे पिता ने सदैव मुझे जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा दी । मनवीर चौधरी ने पुण्यतिथि में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हिंडन विहार श्रीशिव बालाजी धाम मंदिर के महंत मछंदर पुरी महाराज, सेल टैक्स कमिश्नर ए के दोहरे, धन सिंह सेंगर, जज ए बी सिंह, आरके सिंह ,रविंद्र रिहानी ,सुरेंद्र सिंह राजपूत, सुभाष गर्ग, जीसी गर्ग,बासुदेव तिवारी, गौरव बंसल सुनीता भाटिया, राजीव चतुर्वेदी , श्यामलाल शर्मा, श्रवण कुमार , विनय कक्कड़ अमित शर्मा, ऋषभ भारद्वाज, पिंटू तोमर, रामनिवास यादव ,दिनेश यादव ,सचिन शर्मा व मनीष शर्मा सहित सैकड़ों संबंधी एवं मित्रगण मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में युवक को ब्लैड से घायल किया



**लोनी, करंट क्राइम।** पड़ोसियों के बीच मामूली विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को ब्लैड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लोनी थाने की ज्योति विहार कॉलोनी निवासी दीपू ने बताया कि नौ जौलाई की शाम पांच बजे उसके पड़ोस में रहने वाले रोहन ने उस पर अचानक हमला बोल दिया तथा ब्लैड से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित ने लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# प्रेमी ने मकान में बंधक बनाकर किया महिला से दुष्कर्म, पुलिस मामले की जांच में जुटी



**नोएडा।** हमीरपुर की रहने वाली एक महिला के साथ नोएडा में बंधक बनाकर रेप किए जाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके प्रेमी ने ही उसके साथ दरिंदगी की है। पीड़िता ने हमीरपुर में बिंवार थाना में घटना की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरूआती जांच में आरोप में सही पाए गए हैं।

**नोएडा में बंधक बनाकर किया रेप**

हमीरपुर के बिंवार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला के घर कॉलेज के छात्रावास का एक कर्मचारी बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने जाता था। बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के दौरान महिला उसके प्रेम के जाल में फंस गई। महिला को किसी काम से बाजार बुलाया और कार में खींचकर अगवा कर नोएडा ले गया। नोएडा में बहलोलपुर चौकी क्षेत्र आश्रम रोड के पास किराए के मकान में महिला को बंधक बनाकर रखा गया। काफी देर तक उसके साथ बेरहमी से रेप किया गया। महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपी प्रेमी का भाई व अन्य लोग भी वहां मौजूद थे। वह किसी तरह वहां से भागी और हमीरपुर पहुंची।

**एसपी के आदेश पर जांच शुरू**

एसपी को घटना की लिखित जानकारी देकर रो पड़ी। एसपी ने बिंवार थाना प्रभारी को इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश के बाद बिंवार थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है।

**हमीरपुर पुलिस की सुनिए**

इस संबंध में बिंवार थाना प्रभारी का कहना है कि कि घटना की तहरीर मिली है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस महिला को उसका पति छोड़कर चला गया है। आरोपी क्षेत्र के ही एक कॉलेज का कर्मचारी है और उसकी भी तलाश की जा रही है।

**नोएडा पुलिस की सुनिए**

इस संबंध में थाना सेक्टर 63 प्रभारी का कहना है कि इस मामले में पुलिस से अभी तक किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है।

# दो ईनामी बदमाशों के पैर में लगी गोली



**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर 39 पुलिस ने कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप और अन्य सामान चोरी करने दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। इनके कब्जे से चोरी की एक बाइक, तीन लैपटॉप व दो तमंचे समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। पकड़े गए बदमाशों पर अलग-अलग थानों में करीब 87 मुकदमे दर्ज हैं।

**दिल्ली से चुराई बाइक से कर रहे थे वारदात**

एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि ठक-ठक गिरोह के बदमाशों को पकड़ने के लिए एसीपी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई थी। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे विशेष टीम सेक्टर-41 चौकी के पीछे वाली सड़क पर चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक सवार दो संदिग्ध युवक वहां से गुजरे। पुलिस टीम ने बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे तेजी से भागने लगे। पीछा करने पर बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। बदमाशों की पहचान दिल्ली के ओखला निवासी दीपक उर्फ मनीष और हरियाणा के फरीदाबाद निवासी इम्तियाज उर्फ अरमान के रूप में हुई। घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उनके पास से बरामद बाइक दिल्ली के सफदरजंग से चोरी की गई थी। बदमाश चोरी की बाइक से रेकी करते थे और कारों के शीशे तोड़कर लैपटॉप समेत अन्य कीमती सामान चोरी करते थे।

**दीपक पर 55 और अरमान पर 34 मुकदमे**

दीपक पर 55 और अरमान पर 34 मुकदमे दिल्ली, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत अन्य जगहों पर दर्ज हैं। दोनों ने हाल के दिनों में शहर में लैपटॉप चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। लैपटॉप बेचने जा रहे थे बदमाश दीपक और अरमान जब चोरी का लैपटॉप बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। दोनों के पास से आठ हजार रुपये भी बरामद हुए हैं। यह रकम आरोपियों ने चोरी के लैपटॉप और अन्य सामान बेचकर कमाई थी।

**गैंग के अन्य सदस्य जल्द होंगे गिरफ्तार**

घायल होने के बाद बदमाशों ने अपने गैंग में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी दी है। पुलिस का दावा है कि गैंग के अन्य अपराधियों को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और उनसे बड़ी संख्या में चोरी का माल बरामद किया जाएगा। पुलिस ने अन्य जिलों के थानों से भी दोनों का आपराधिक इतिहास मांगा है।







# भूस्खलन से दो बसें त्रिशूली नदी में बहीं, सात भारतीयों समेत 65 लोग लापता

## राहत और बचाव कार्य में अड़चन



**काठमांडू।** नेपाल में खराब मौसम लोगों के लिए आफत बना हुआ है। बताया जा रहा है कि आज यानी शुक्रवार सुबह मध्य नेपाल में मदन-आश्रित राजमार्ग पर भूस्खलन की वजह से लगभग 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें त्रिशूली नदी में बह गईं। दोनों चालकों समेत सभी लापता बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें सात भारतीय भी शामिल थे।

चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बसों में चालकों सहित कुल 63 लोग सवार थे। हादसा सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। हम घटनास्थल पर हैं और तलाशी अभियान चल रहा है। लगातार बारिश के कारण लापता बसों की तलाश में हमें दिक्कत आ रही है। घटना चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग रोड पर सिमलताल इलाके में हुई। इस बीच मौसम खराब रहने के कारण काठमांडू से भरतपुर, चितवन तक की सभी उड़ानें आज के लिए रद्द कर दी गई हैं।

जानकारी के मुताबिक, काठमांडू जाने वाली एक बस और राजधानी से गौर जाने वाली दूसरी बस सुबह करीब साढ़े तीन बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। काठमांडू जाने वाली बस में 24 लोग और गौर जाने वाली बस में 41 लोग सवार थे। बताया यह भी जा रहा है कि दूसरी बस में सवार तीन यात्री कूदकर भागने में सफल रहे। बीरगंज से काठमांडू जा रहे 21 यात्रियों के बारे में जानकारी मिली है। हालांकि, पुलिस ने बताया है कि बस में सवार यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी थे।

त्रिशूली नदी में बस के लापता होने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने तत्काल खोज और बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक भावेश रिमल ने कहा कि नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवान बचाव अभियान के लिए घटनास्थल की ओर बढ़ रहे हैं। नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड पर विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण मलबा आने से यातायात बाधित हुआ है।

इस बीच एक अलग घटना में गुरुवार को कास्की जिले में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। नेपाल में मानसून आपदाओं की वजह से एक दशक में 1,800 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इस दौरान लगभग 400 लोग लापता हो गए तथा 1,500 से अधिक लोग आपदा में घायल हो गए।



इस बीच नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने ट्वीट किया कि नारायणगढ़-मुग्लिन सड़क खंड पर भूस्खलन में बस के बह जाने से लगभग पांच दर्जन यात्रियों के लापता होने की रिपोर्ट और देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण संपत्तियों के नुकसान से मैं बहुत दुखी हूं। मैं गृह प्रशासन सहित सरकार की सभी एजेंसियों को यात्रियों की खोज और प्रभावी बचाव के निर्देश देता हूं।

# नेपाल में 'प्रचंड' की सरकार गिरी

## पुष्प कमल दहल ने दिया पीएम पद से इस्तीफा

**काठमांडू।** पूर्व प्रधानमंत्री के.पी शर्मा की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उनको विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। सीपीएन-यूएमएल द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण प्रचंड के पास विकल्प सीमित हो गए थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत पद छोड़ने या एक महीने के भीतर विश्वास मत का सामना करने के बीच चयन करना पड़ा। शुक्रवार को संसद में विश्वास मत परीक्षण हुआ, जहां वह हार गए।



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' को बड़ा झटका लगा है। कारण, प्रचंड संसद में विश्वास मत हार गए हैं। 19 महीने सत्ता में रहने के बाद अब उन्हें पद छोड़ना पड़ा। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री के.पी शर्मा की अगुवाई वाली सीपीएन-यूएमएल द्वारा प्रचंड की सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद उनको विश्वास मत हासिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

सीपीएन-यूएमएल द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण प्रचंड के पास विकल्प सीमित हो गए थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत पद छोड़ने या एक महीने के भीतर विश्वास मत का सामना करने के बीच चयन करना पड़ा। शुक्रवार को संसद में विश्वास मत परीक्षण हुआ, जहां वह हार गए। यह पांचवां मौका था जब पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने संसद में अविश्वास मत का सामना किया। इससे पहले चार प्रयासों में वह विश्वास मत हासिल करने में सफल रहे थे। दहल के सबसे बड़े गठबंधन सहयोगी सीपीएन-यूएमएल ने 3 जुलाई को अपना समर्थन वापस ले लिया था। 25 दिसंबर, 2022 को पीएम बनने के बाद दहल लगातार अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। और करीब 19 महीने बाद उनकी सरकार गिर गई। 69 वर्षीय प्रचंड को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 63 वोट मिले। प्रस्ताव के खिलाफ 194 वोट पड़े। विश्वास मत जीतने के लिए कम से कम 138 वोटों की जरूरत होती है।

### ये है नेपाल की सदन का नंबर गेम

बता दें कि नेपाल के निचले सदन की सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ सत्ता का साझा समझौता करने के बाद केपी शर्मा ओली की पार्टी ने मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन से खुद को बाहर कर लिया। इस स्थिति में प्रचंड की कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के पास महज 32 सीटें हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं और नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं। नेका और सीपीएन-यूएमएल गठबंधन के पास अब 167 सीटों की ताकत है।

# संयुक्त राष्ट्र ने बताया - 2060 के दशक में चरम पर होगी भारत की जनसंख्या

## 2080 के दशक के मध्य में दुनिया की आबादी होगी 10 अरब से ज्यादा

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जनसंख्या 2060 के दशक तक चरम पर पहुंचकर 1.7 अरब हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गाय है कि 2060 के दशक के बाद भारत की जनसंख्या में 12 प्रतिशत की दर से गिरावट आएगी। हालांकि इसके बावजूद इस सदी में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना रहेगा। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को विश्व जनसंख्या संभावना 2024 जारी की। जिसमें कहा गया है कि आने वाले 50-60 वर्षों में दुनिया की जनसंख्या में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।


2080 के दशक के मध्य में लगभग 10.3 अरब लोगों के दुनिया की कुल जनसंख्या शिखर पर पहुंच जाएगी। अभी दुनिया की कुल जनसंख्या 8.2 अरब है। चरम पर पहुंचने के बाद वैश्विक जनसंख्या में धीरे-धीरे गिरावट आने का अनुमान है, जो सदी के अंत तक घटकर 10.2 अरब हो जाएगी। पिछले साल चीन को पीछे छोड़कर भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना था और साल 2100 तक भारत इस स्थान पर बना रहेगा।



संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के जनसंख्या विभाग द्वारा प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत की जनसंख्या, जिसके इस पूरी सदी दुनिया में सबसे अधिक रहने की उम्मीद है, 2060 के दशक की शुरूआत में अपने चरम पर पहुंचने के बाद 12 प्रतिशत की दर से कम होगी।' रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत की जनसंख्या 1.45 अरब होने का अनुमान है और यह 2054 में 1.69 अरब तक पहुंच जाएगी। इसके बाद, 2100 में सदी के अंत तक भारत की जनसंख्या घटकर 1.5 बिलियन होने का अनुमान है।

### चीन की आबादी में आएगी तेज गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की जनसंख्या, जो वर्तमान में 2024 में 1.41 अरब है, वह 2054 में घटकर 1.21 अरब हो जाएगी और 2100 तक और घटकर 63.3 करोड़ हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की आबादी में 2024 से 2054 के बीच सबसे बड़ी गिरावट आएगी। इस दौरान चीन की आबादी में 20.4 करोड़ की कमी आएगी। चीन के बाद जापान का नंबर आता है और वहां की आबादी में 2.1 करोड़ और रूस की आबादी में एक करोड़ लोग कम हो जाएंगे। रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा किया गया है कि इस सदी के अंत तक चीन की आबादी में 78 करोड़ की कमी आ सकती है और मौजूदा आबादी की तुलना में चीन की आबादी इस सदी के अंत में आधी रह जाएगी।



# रूस-यूक्रेन जंग को लेकर भारत ने रखा तटस्थ रुख

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत ने अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें मांग की गई थी कि रूस यूक्रेन के खिलाफ अपनी आक्रामकता को तुरंत रोक दे और जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से अपनी सेना व अन्य अनधिकृत कर्मियों को तुरंत वापस बुला ले। हालांकि, भारत ने इस प्रस्ताव से दूरी बनाए रखी।

### 60 लोगों ने नहीं लिया हिस्सा

193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुरुवार को प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 99 वोट पड़े थे। वहीं, बेलारूस, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और सीरिया समेत नौ इसके खिलाफ थे। इसके अलावा, भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, मिस्र, नेपाल, पाकिस्तान, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका सहित 60 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया था।

### यह रखी गई मांगें

जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र समेत यूक्रेन की परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा शीर्षक वाले प्रस्ताव में मांग की गई है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ अपनी आक्रामकता को तुरंत रोक दे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर यूक्रेन के क्षेत्र से अपने सभी सैन्य बलों को बिना शर्त वापस ले ले। इस प्रस्ताव में आगे मांग की गई है कि जापोरिज़िया परमाणु ऊर्जा संयंत्र से अपनी सेना व अन्य अनधिकृत कर्मियों को तुरंत वापस बुला ले। इसके साथ ही सुरक्षा तय करने के लिए संयंत्र को यूक्रेन के संप्रभु और सक्षम अधिकारियों के पूर्ण नियंत्रण में लौटा दे।

**इस देश ने पेश किया था प्रस्ताव :** मसौदा प्रस्ताव यूक्रेन द्वारा पेश किया गया था। वहीं फ्रांस, जर्मनी और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित 50 से अधिक सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया था।

### कोई गलती न करें

प्रस्ताव पर मतदान से पहले रूस के प्रथम उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पोलिंस्की ने कहा कि महासभा ने दुर्भाग्य से ऐसे कई दस्तावेजों को स्वीकार कर लिया है जो गैर-सहमतिपूर्ण, राजनीतिक हैं और सच्चाई को नहीं दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई गलती न करें। आज के मसौदे के पक्ष में वोट कीव, वाशिंगटन, ब्रुसेल्स और लंदन द्वारा यूक्रेनी संघर्ष को और बढ़ाने की उनकी नीति के समर्थन के सबूत के रूप में माना जाएगा, जो संघर्ष का शांतिपूर्ण, टिकाऊ और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक समझदार हिस्से द्वारा उठाए गए कदमों के नुकसान के लिए है।

# जेलेंस्की को 'राष्ट्रपति पुतिन' बताकर फंसे जो बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर आलोचकों के निशाने पर आ गए हैं और उनकी उम्र को लेकर चल रही बहस तेज हो गई है। दरअसल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जो बाइडन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को राष्ट्रपति पुतिन कह गए। बाइडन की इस गलती के बाद फिर से उनकी मानसिक क्षमता और बढ़ती उम्र पर सवाल खड़े हो गए हैं और नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए उनकी उम्मीदवारी सवालों के घेरे में आ गई है।



अमेरिका में नाटो का सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नाटो और यूक्रेन के बीच एक समझौते का एलान किया। इस दौरान उन्होंने कहा 'अब मैं चाहता हूं कि यूक्रेन के राष्ट्रपति अपनी बात रखें, जिनमें जितना समर्पण है, उतनी ही हिम्मत है। बहनों और भाइयों, राष्ट्रपति पुतिन।' बाइडन यह कहकर पलटे, लेकिन तभी उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ और वे वापस आकर बोले, 'ये राष्ट्रपति पुतिन को हराने वाले हैं, राष्ट्रपति जेलेंस्की। मैं पुतिन को हराने पर इतना ध्यान दे रहा हूं कि हमें उसे लेकर बहुत चिंतित हैं।'

### कमला हैरिस को बता गए ट्रंप

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बाइडन अपनी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बता गए। दरअसल जब बाइडन से पूछा गया कि अगर वह राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नहीं लड़ते हैं तो क्या कमला हैरिस, डोनाल्ड ट्रंप को हरा सकती हैं? इसके जवाब में बाइडन ने कहा कि 'मैं उपराष्ट्रपति ट्रंप को नहीं चुनता, अगर मुझे नहीं लगता कि वह राष्ट्रपति के काबिल नहीं हैं।'

बाइडन की इन ताजा गलतियों के बाद उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दावेदारी पर फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। खुद बाइडन की पार्टी डेमोक्रेट के नेता ही बाइडन की मुखालफत पर उतर गए हैं।

हालांकि अभी खुलकर कोई नहीं बोल रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेमोक्रेट पार्टी में भी इस बात की काफी चर्चा है कि बाइडन की जगह किसी और नेता को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए। पहले भी बाइडन की जुबान कई मौकों पर फिसल चुकी है।

## पीएम मोदी के रूस दौरे के बाद अमेरिकी अधिकारी का बड़ा बयान

# 'यूक्रेन में शांति लाने में भारत की भूमिका अहम'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर भारत को यूक्रेन में शांति सुनिश्चित करने और रूस के साथ बातचीत करने में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए। अमेरिकी अधिकारी का यह बयान प्रधानमंत्री मोदी की हालिया रूस यात्रा के बाद सामने आया है। जब प्रधानमंत्री मोदी रूस दौरे पर थे तो अमेरिका में नाटो देशों की अहम बैठक चल रही थी, जिसमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी मौजूद रहे।



अमेरिकी विदेश विभाग में यूरोपीय सुरक्षा और राजनीतिक मामलों के निदेशक लियाम वासली ने कहा कि 'भारतीयों को यह समझना चाहिए कि राष्ट्रपति पुतिन और उनका देश अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों और नाटो गठबंधन के लिए कितना बड़ा खतरा है। यह लोकतंत्र के एक अरब लोगों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।'

वासली ने कहा कि 'मुझे लगता है कि भारतीय लोग समझ सकते हैं कि यह हमारे नाटो सहयोगियों की समझ और दृष्टिकोण को कैसे प्रभावित कर रहा है।' 32 सदस्यीय नाटो गठबंधन के नेता इस सप्ताह वाशिंगटन डीसी में 75वीं वर्षगांठ की शिखर बैठक में शामिल हुए, जहां यूक्रेन, चीन में रूस के मुद्दे पर काफी बात हुई।

### 'भारत का प्रभाव व्यापक'

वासली से सवाल किया गया कि क्या भारत नाटो में शामिल नहीं होना चाहता है? इसके जवाब में अमेरिकी शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 'भारत, दुनिया के एक बहुत बड़े हिस्से में एक महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदाता है।

## सिंगापुर के राष्ट्रपति शनमुगरत्नम ने भारत को सराहा, कहा-

# हम नए युग का निर्माण करने को तैयार

**सिंगापुर।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने एक बार फिर भारत की तारीफ की। उन्होंने गुरुवार को कहा कि प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में औद्योगिक नीतियों के पुनरुत्थान के बावजूद, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया अवसर, समानता और स्थिरता का एक नया युग बनाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।




### बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता

इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) की 20वीं वर्षगांठ पर आयोजित रात्रिभोज में शनमुगरत्नम ने कहा कि अन्य जिम्मेदार मध्य शक्तियों के साथ काम करते हुए दोनों क्षेत्रों में बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता है और अपनी खामियों के बावजूद यह एक ऐसी व्यवस्था रही है, जिसने दशकों से अमीर और गरीब दोनों देशों की अच्छी तरह से सेवा की है। थर्मन ने यह भी उम्मीद जताई कि सिंगापुर-भारत संबंध आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर और सब्सिडी जैसी औद्योगिक नीतियां उस दर पर वापस लौट रही हैं, जिन्हें 1960 और 1970 के दशक के बाद से नहीं देखा गया था। हालांकि, तब ये काफी हद तक विफल रही थीं।

उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले साल 2,500 औद्योगिक नीति हस्तक्षेपों की सूची बनाई थी, जिनमें से दो-तिहाई का उद्देश्य विदेशी हितों के विरुद्ध काम करना था। उन्होंने करीब 180 अतिथियों से कहा कि सरकारों द्वारा इस तरह के हस्तक्षेप किसी नए सबूत या समृद्धि लाने वाले कारकों के पुनर्मूल्यांकन के कारण नहीं किए जा रहे हैं, बल्कि जैसे को तैसा कार्रवाई के माध्यम से किए जा रहे हैं।

### व्यापार और निवेश परिवर्तनशील

उन्होंने कहा कि इसका परिणाम एक ऐसी दुनिया है, जहां प्रतिस्पर्धा अस्थिर है। व्यापार और निवेश परिवर्तनशील व अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के पास वैश्विक वास्तविकता का जवाब देने और उसे इस तरह से आकार देने की क्षमता है, जिससे राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई दोनों सुरक्षित रहें।

इस कार्यक्रम में आईएसएएस के संरक्षक और उप प्रधानमंत्री हेंग स्वी केट तथा एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग ने भाग लिया, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारत और दक्षिण एशिया के साथ संबंधों को बढ़ावा दिया।

# मोंटाना के नेशनल पार्क की झील में भारतीय युवक डूबा

## दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने गया था, शव की तलाश जारी

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में काम करने वाला एक भारतीय युवक अमेरिका के मोंटाना स्थित ग्लेशियर नेशनल पार्क की झील में डूब गया। 26 वर्षीय युवक अपने दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने पार्क में गया था। युवक का शव नहीं मिल सका है। पुलिस शव को तलाश रही है। पार्क के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय युवक की पहचान सिद्धांत विट्ठल पाटिल के रूप में की गई है।



बताया जाता है कि पाटिल छह जून को पार्क की एवलांच झील की घाटी के ट्रैक पर घूम रहा था। जहां से वह एक बड़ी चट्टान से एवलांच क्रीक में गिर गया। युवक के गिरते ही दोस्तों ने शोर मचाया। दोस्तों ने बताया कि उन्होंने पाटिल के शव को पानी डूबते और पानी के बहाव के साथ ऊपर आते देखा। पार्क के अधिकारियों ने बताया कि यह साफ नहीं है कि पाटिल पैर फिसलने से नीचे गिरा या चट्टान पर उसका संतुलन बिगड़ गया।

अधिकारियों का कहना है कि शव नहीं मिल सका है। हेलीकॉप्टर से नेशनल पार्क क्षेत्र में शव की तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। अधिकारियों का कहना है कि पाटिल की मौत हो चुकी है और शव कहीं दब गया है। क्षेत्रीय रेंजरों का मानना है कि युवक का शव चट्टानों और पेड़ों के नीचे दबा हो सकता है। रेंजर लगातार क्षेत्र में शव को तलाश रहे हैं।

# नगर आयुक्त ने फिजूल में एसी, पंखा कूलर चलाने पर दिये वेतन काटने के निर्देश

## प्रभारी नजारत को कुर्सियों पर तौलिया कल्चर खत्म करने को भी कहा गया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जनसुनवाई के उपरांत सभी विभागीय अधिकारियों के कार्य स्थलों का जायजा लिया। नगर आयुक्त नेबाबुओं की काय शैली को भी देखा और प्रभारी नजारत को कुर्सियों पर तौलिया लगाने की प्रथा को बंद करने के निर्देश दिए। बिजली तथा पानी का सदुपयोग करने के भी निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने निगम के प्रथम तल से लेकर पंचम तल तक का औचक निरीक्षण किया गया।

नगर आयुक्त ने लेख विभाग का विशेष रूप से जायजा लिया जिसमें फाइलों के रखरखाव को लेकर लेखाधिकारी डॉक्टर गीता कुमारी को फाइलों का रखरखाव और बेहतर करने के लिए कहा। खाली कमरे में एसी चला देखकर नगर आयुक्त सख्त हुए, कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारियों की भी हाजरी सुनिश्चित करने के लिए सभी के कार्य स्थल पर पहुंचे, फिजूल में लाइट, पंखा, कूलर चलते मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए वेतन काटने के निर्देश भी समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-आप ने पटलों पर लाइट और पानी की बबार्दी ना हो यह भी प्रतिदिन सुनिश्चित करने को कहा गया।इसी के साथ शौचालय की व्यवस्था तथा साफ सफाई को और अधिक बेहतर करने की सख्त हिदायत दी गई। नगर अयुक्त के साथ मौके पर डॉक्टर अनुज प्रभारी नजारत भी उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस की शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह



## कोई भी शिकायत 'सी' श्रेणी व डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण के सम्बंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एडीएम एल,ए विवेक मिश्र ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण, शिकायतों के ए, बी, सी श्रेणी में जाने के क्या कारण हैं व शिकायतें किस कारण से डिफाल्टर हो जाती हैं, की पूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही एडीएम एल,ए ने बताया कि सभी अधिकारियों के कम्प्यूटर ऑपरेटरों या शिकायत देखने वाले कर्मचारी को ट्रेनिंग दी जायेगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि किसी भी कारण से शिकायत सी श्रेणी व डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। यदि किसी भी आईजीआरएस प्रभारी के पोर्टल की शिकायत डिफाल्टर होती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी और यदि उसके बाद भी शिकायतें डिफाल्टर होती हैं तो नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सभी एसडीएम, जीडीए, नगर निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारियों सहित जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी तमन्ना है उपचुनाव वाली दावेदारी में पार्टी रखे एक समाजिक चेहरे का भी ख्याल? सत्ता के गलियारों में इन्हें बोला जाता है मिस्टर जायसवाल? सुना है अब ये सामाजिकता की एक और मुहिम में आगे बढ़ते हुए कर रहे हैं प्रकृति की भी केयर? मंगवा लिये हैं हजारो पौधे इन्होंने फ्री में बांटने के लिए? ऐसे नजरो दिखते हैं बहुत ही रेयर? कोई भी व्यक्ति इनके पास जाकर कर सकता है पौधे की डिमांड? 18 तरीके की वैरायटी हैं इनके पास? अब इन्होंने खुद को झोंक दिया है प्रकृति के नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था एक कार्यक्रम में मौजूद? मुझे यहां पर नदिया पार के भगवा विनय, भगवा हिमांशु और भगवा भूपेन्द्र का दिखाई दे रहा था वजूद? जब तक भगवा कमांडर देख रहे थे इनकी ओर? तब तक ये देखना नहीं चाह रहे थे शर्मा एंड कंपनी का वजूद? जैसे ही कमांडर की इनसे हटी नजर? तभी इन्होंने शर्मा एंड कंपनी को नमस्ते करके किया अपने प्यार का इजहार? मजा आ रहा था हमको जब चोरी चोरी चुपके चुपके वाले सीन घट रहे थे हमारे सामने यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमिश्नर बख्शी जी की तर्ज पर अब सौंफ वाले भगवा कमिश्नर भी दिखाने जा रहे हैं अपना रौद्र रूप? सुना है उन्होंने अपने क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाने के लिए तैयार कर लिया है पूरा स्वरूप? जल्द ही चलाने जा रहे हैं ये यहां पर एक बड़ा अभियान? दिल में इनके टिकट का दर्द-ए-डिस्को है? समय समय पर देना होगा उनको इस तरह की कार्यवाहियों पर अंजाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले राणा जी बहुत दिनो ंसे थे खामोश? चुनाव के बाद खत्म सा हो गया था उनको जोश? मगर फिर से दिखाने शुरू कर दिये हैं उन्होंने अपनी सक्रियता के दीदार? हमने देखा हैवीवेट वालों से उन्होंने हाल ही में की है एक लंबी चर्चा? पता चला है इस चर्चा में उन्होंने किए हैं शहर सीट से दावेदारी के अरमान प्रकट? कहा है जब ठाकुर फैक्टर की बात आये तब हमारा नाम भी पहुंचा देना आप पैनल वालों के निकट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिनों बाद नवयुग वाले नवनीत भैया हुए हैं राजनीति में प्रकट? प्रकट होते ही उन्होंने ये भी एहसास कराना शुरू कर दिया है कि वो हैं किसके निकट? हमने देखा भगवा कमांडर के सामने वो शहर सीट पर बालू भैया का बता रहे थे मजबूत नाम? कह रहे थे देखना ये भाईसाहब ही टिकट लेकर आयेंगे? बाकी दावेदारियों का मामला हो जायेगा तमाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वैश्य समाज के एक मजबूत दावेदार ने अभी से ले लिया है अपना दावेदारी से नाम वापस? अब वो अपने कारोबार का करेंगे संवार? उनको मिल गई है कहीं से सूचना? कि कितनी ताकत लगा लो टिकट इस बार वैश्य कोटे में नहीं जा रहा है यार? उन्होंने इसके पीछे दिया है मेरठ वाला तर्क? कहा है अगर वहां से गोविल जी के रूप में वैश्य चेहरे को टिकट नहीं मिला होता? तो शहर विधानसभा पर वैश्य फैक्टर को छोड़कर नहीं कोई सिलसिल होता? अब टूट गये हैं अरमान, इसलिए 100 प्रतिशत है हमारा कारोबार पर ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेयर चुनाव के दौरान मैडम जनमेजा ने पंजाबी फैक्टर पर दावेदारी करके ला दिया था तूफान? फिर जब टिकट नहीं हुआ तो उन्होंने लगा दिया था कारोबार पर ध्यान? अब जब फिर आई है चुनावों की बेला? तो उनके बिना कई दावेदार खुद को दावेदारी में फील कर रहे हैं अकेला? दे रहे हैं सब यही संदेश? मैडम जनमेजा को फिर टिकट के लिए एक्टिव करना चाहिए अपना फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार में उस वक्त चर्चा हो गई आम ? जब पूर्व डिप्टी वालों ने डाला नेटवर्क के तार डाल रही कंपनी के कार्य के बीच व्यवधान ? मौके पर मौजूद कर्मचारी से कर दी अपने घर पर फ्री का नेटवर्क लगाने की डिमांड ? बारीक आवाज को भारी करके कहा, क्या तुम जानते नहीं हो हमारा नाम ? हम है ताकतवर जनप्रतिनिधि ? इसलिए तुमको को करना होगा हमारा काम ? मौके पर मौजूद कर्मचारी भी था बहुत स्मार्ट ? उसने कहा, हम है असली ताकतवर जनप्रतिनिधि की जानकारी ? क्यों हमारा उल्लू बना रहे हो आप ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर विधानसभा उप चुनाव को लेकर मैं देना चाहता हूँ जाट भाई, गुर्जर भाई और यादव भाई को सलाह ? मैं चाहता हूँ ये केवल अपनी बिरादरी के दम पर वोट ना मांगे ? तभी होगा इनका भला ? ये सब मिलकर करें सिर्फ. और सिर्फ. ओबीसी फैक्टर पर दावेदारी ? सच बता रहा हूँ जिस दिन इन्होंने इस फामूर्ले पर काम कर लिया ? इनकी दावेदारी पड़ जाएगी बाक ी बिरादरियों पर भारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आप को बता रहा हूँ भगवा गढ़ में घटे आशीर्वाद वाले मामले का गजब सीन ? ये सीन कर देगा आपकी हँसी को और भी हसीन ? हमने देखा नादिया पार के दो जाट मेम्बर जब ले रहे थे कमांडर का आशीर्वाद ? तब आशीष भैया ने इस आशीष वाली मुहिम पर ताना कसा दिया साहब ? कह दिया आशीर्वाद लेकर अभी से कर रहे हो टिकट की तैयारी ? इतनी देर में हो गई पहलवान की एंट्री ? तभी तफरी लेने वाले आशीष भैया ने भी तुरंत लिया गुर्जर भाई का आशीर्वाद ? ये देख कर दोनों चौधरियों के चेहरे पर आ गई मुस्कान ? बोले, अब इस बारे में कुछ कहना चाहते हो आशीष भाईसाहब ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# वार्ड-78 में नगर निगम ने नालों से हटाया अतिक्रमण





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** महापौर एवं नगर आयुक्त के निर्देश पर सभी पांचों जोन में नालों से अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई तेजी से चल रही है। इसी क्रम में मोहन नगर जोन के शालीमार गार्डन वार्ड- 78 में नालों के ऊपर सड़क पर रैंप बनाने से नालों की सफाई एवं आवागमन में परेशानी आ रही थी। रैंप से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु तिथि निर्धारित की गई थी ।

**अतिक्रमण जोनल प्रभारी आरपी सिंह के नेतृत्व में हटाया गया**

अतिक्रमण जोनल प्रभारी आरपी सिंह के नेतृत्व में हटाया गया जिसमें नाले के ऊपर एवं नाले के बाहर लगाए टीन शेड , रैम्प एवं अन्य अतिक्रमण नगर निगम की संयुक्त टीम की उपस्थिति में हटवाया गया है । 15 हजार रू का जुमार्ना भी किया गया । अतिक्रमण हटाए जाने के बाद पुनः अतिक्रमण न हो इसके लिए सहायक पुलिस आयुक्त एवं थानाध्यक्ष को भी पत्र लिखकर सूचित किया गया है। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक धनवीर सिंह, ललित सिंह ,सफाई निरीक्षक नरेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

# वसुंधरा में कई प्रमुख चौराहों का होगा सौंदर्यीकरण नगर आयुक्त ने पार्षदों साथ बनाई कार्ययोजना

## कहा-स्वच्छता का विषयअधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के लिए भी महत्वपूर्ण विषय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम स्वच्छता के साथ-साथ शहर के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वसुंधरा क्षेत्र से कार्य की शुरूआत की है जिसमें वहां के अधिकांश पार्षदों के साथ बैठकर कार्ययोजना भी बनाई गई। आनंद विहार कौशांबी से लेकर वैशाली वसुंधरा होते हुए मोहननगर तक कुछ प्रमुख चौराहों तथा तिराहे को सुंदर तथा व्यवस्थित करने के लिए भी अध्किारियों से नगर आयुक्त ने चर्चा की।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर की स्वच्छता तथा शहर की सुंदरता नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ शहर के निवासियों तथा जनप्रतिनिधियों का भी महत्वपूर्ण विषय है, जिसके लिए शहर की सफाई व्यवस्था तथा सौंदर्यीकरण को लेकर जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया गया।

इसके अलावा वसुंधरा जोन के पार्षदों के साथ भी बैठक की गई। चर्चा के दौरान वार्ड संख्या 74 से नरेश भाटी पार्षद, वार्ड संख्या 89 से राजकुमार भाटी पार्षद, वार्ड संख्या 76 से पार्षद गौरव सोलंकी, वार्ड संख्या 41 से भूपेंद्र उपाध्याय पार्षद तथा वार्ड संख्या 72 से मनोज गोयल उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त व पार्षदों के बीच सौंदर्यीकरण पर हुआ गहन मंथन

करंट क्राइम। वार्ड संख्या 74 वसुंधरा में सेक्टर 13 तथा सेक्टर 14 के मध्य आने वाले अटल चौक तथा राहुल डेरी के चौक के सौंदर्यीकरण पर चर्चा हुई। वार्ड संख्या 89 वैशाली में डाबर के सामने वाले चौक को सुंदर बनाने के लिए चर्चा हुई। वार्ड संख्या 76 वैशाली के सेक्टर 2 के चौराहे को व्यवस्थित करने पर चर्चा की गई। वार्ड संख्या 72 कौशांबी सेंट्रल पार्क तिराहा को व्यवस्थित करने के लिए योजना बनाई गई। इसके अलावा वार्ड संख्या 41 में सी एल फैक्ट्री के सामने चौराहे को व्यवस्थित करने के लिए चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अन्य विकास कार्यों को लेकर भी नगर आयुक्त से विचार विमर्श किया जिसमें सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने पर जोर दिया गया।



# कांवड़ मार्ग पर काले पर्दे से ढकी जाएंगी शराब की दुकानें

**ग्रेटर नोएडा।** कांवड़ मार्ग पर स्थित शराब की दुकानें काले कपड़े के पर्दे से ढकी जाएंगी। हालांकि दुकानों पर शराब की बिक्री जारी रहेगी। शुक्रवार को आबकारी विभाग ने सभी लाइसेंसधारक दुकानों को इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य कर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

**इस दौरान दुकानों पर शराब की बिक्री जारी रहेगी**

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को नोएडा के फेज-2 में शराब की दुकानों के लाइसेंसधारकों के साथ बैठक की। आबकारी अधिकारी ने बताया कि कांवड़ मार्ग पर शराब की दुकानें बंद नहीं होंगी। हालांकि दुकानों पर काला पर्दा लगाया जाएगा। जिससे शराब नहीं दिखे। वहीं सभी दुकानों पर शराब की 100 फीसदी बिक्री ई-पॉश मशीनों से करने के निर्देश दिए गए है। बीयर की दुकानों पर रजिस्टर में बिक्री का हिसाब दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने दुकानों की गोपनीय जांच करने की बात कही है। साथ ही कहा कि तय रेट से ज्यादा दर पर बिक्री करने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। लाइसेंस धारकों को भी इसकी जांच करनी होगी। सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी है। अगर किसी दुकान पर कैमरे नहीं लगे हैं तो 24 घंटे के अंदर कैमरा लगवाना होगा। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# समय पर स्कूल आते हैं तो हाजिरी लगाने में कोई परेशानी नहीं

## ऑनलाइन हाजिरी का विरोध कर रहे शिक्षक नेताओं को बिरौंडी चक्रसेनपुर के स्कूल में बीएसए ने किया समझाने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा।** जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी ने शुक्रवार को बिरौंडी चक्रसेनपुर गांव के पूर्व माध्यमिक स्कूल में शिक्षक नेताओं से बातचीत की और ऑनलाइन हाजिरी के बारे में समझाने का प्रयास किया। ऑनलाइन हाजिरी के फायदों की जानकारी दी। साथ ही कहा कि जब शिक्षक समय पर स्कूल आते हैं तो फिर उनको ऑनलाइन हाजिरी लगाने में परेशानी नहीं होनी चाहिए।

**डिजिटल अटेंडेंस मामला**

प्रदेश सरकार ने बेसिक स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है। जिसका शिक्षक संघ विरोध कर रहे है। कक्षाओं का बहिष्कार करने के साथ काली पट्टी बांधकर विरोध किया जा रहा है। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि ऑनलाइन हाजिरी से रजिस्टर का काम खत्म हो जाएगा। शिक्षकों पर आरोप लगते हैं कि वो समय से स्कूल नहीं जाते हैं। अगर शिक्षक समय से स्कूल जाते हैं तो उनको ऑनलाइन हाजिरी लगाने में परेशानी नहीं आनी चाहिए। शिक्षकों से बातचीत करने के बाद बीएसए ने कक्षा सात के बच्चों को हमारा भूमंडल पढ़ाया। भूमध्य रेखा, कर्क रेखा, मकर रेखा के बारे में पढ़ाया। छात्रों से सवाल भी किए। जिनका छात्रों ने जवाब भी दिया।

# आप विधायक और उसके बेटे के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नोएडा।** सेक्टर-95 स्थित पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट के मामले में दिल्ली के आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और पुत्र के खिलाफ पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। विधायक और पुत्र पर कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप है। इस मामले में पीड़ित अपने बयान से पलट गया था। इस कारण जांच के दौरान बढ़ाई गईं गंभीर धाराएं पुलिस को हटानी पड़ी।

**पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट का मामला**

सेक्टर-95 स्थित स्थित पेट्रोल पंप पर सात मई को विधायक अमानतुल्लाह खान का बेटा अनस कार में तेल डलवाने आया था। पेट्रोल डलवाने के दौरान कतार तोड़ने पर पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने अनस को रोक दिया था। जिसके बाद अनस ने कर्मचारी से मारपीट कर दी थी। कुछ देर बाद विधायक अमानतुल्लाह खान भी वहां पहुंच गए थे। मामले में उनपर भी मारपीट करने का आरोप लगा था। कोतवाली फेज वन में अमानतुल्लाह खान, अनस खान व सहयोगी अबु बकर समेत कई अन्य के खिलाफ मारपीट और धमकाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पंप पर काम करने वाले अनिकेश ने जानलेवा हमला करने और लूटपाट का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने जानलेवा हमला करने, लूट का प्रयास और एससी/एसटी समेत कई गंभीर धाराएं बढ़ा दी थीं। इस मामले में पुलिस ने विधायक के मैनेजर इकरार अहमद को कुछ दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया था।


# पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा घायल चोरी की बाइक, तमंचा-करतूस बरामद





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में घायल लुटेरे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा ईएसआई अस्पताल के सामने शालीमार गार्डन की तरफ से आने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति कन्हा काम्प्लेक्स की तरफ से आता दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा किया गया लेकिन वह नहीं रुका और अपनी मोटरसाइकिल को पीछे की तरफ मोड़कर तेजी से भागने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपी का पीछा किया। खुद को पुलिस से घिरता देख भागते हुए बदमाश की मोटरसाइकिल प्रेम गली में फिसल कर गिर गई। पुलिस पार्टी को पीछे आते देख बदमाश द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई जिसमें बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा, एक कारतूस, चोरी का मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी की पहचान रवि निवासी दिलशाद गार्डन दिल्ली कर रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार रवि के खिलाफ दिल्ली और गाजियाबाद में चोरी , लूट व आर्म एक्ट के लगभग दो दर्जन मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Sushant Surendra Prakaash Goel
2h

पेश है 1989 में चुने गए 40 सभासदों और चेयरमैन श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल जी का यादगार चित्र, जिसमें आप भी शामिल हैं पापा मिस यू वैरी मच 🥲

गाजियाबाद करंट क्राइम। कुछ तस्वीरें अपने आप में सुनहरे पलो को समेटे हुए होती हैं। सुशांत गोयल ने उस समय के फोटो को शेयर किया जब गाजियाबाद नगर पालिका था और चेयरमैन सुरेंद्र गोयल यानी उनके पापा थे। यादों को समेटे एक बेटे ने अपने पिता को याद किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।